www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 85 । नर्मदापुरम, रविवार 22 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

सावधान! बरसात के दिनों में दूर रहें जानलेवा खंभे से – पृष्ठ 2
चंद मिनटों में पाएं मनचाहा प्यार और सौतन से मुक्ति – पृष्ठ 4
नए सत्र में होगी पीजी कॉलेज में कानून की पढ़ाई – पृष्ठ 5
डोंगला की प्रतिष्ठा के साथ आधुनिकीकरण पर दिया जाएगा विशेष ध्यान: डॉ. यादव – पृष्ठ 8

प्रधानमंत्री ने विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों संग किया योग

# हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्री पोतों तक योग



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों संग योग किया। इस भव्य आयोजन में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी शामिल हुए। इस बार की योग की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। मंच से प्रधानमंत्री ने दुनिया को योग को मानवता की भलाई के लिए उठाया गया सामूहिक प्रयास करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग का मतलब होता है– जोड़ना। और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। आज की दुनिया में ऐसी एकता और ऐसा समर्थन सामान्य बात नहीं है। ये सिर्फ एक प्रस्ताव का समर्थन नहीं था। बल्कि मानवता के भले के लिए दुनिया का सामूहिक प्रयास था। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। कई क्षेत्रों में यह स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग हमें शांति का रास्ता दिखाता है। योग उस पॉज बटन की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है– ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें।

प्रधानमंत्री ने योग को लेकर हो रहे रिसर्च की ओर ध्यान आकर्षित किया।

## भोपाल के अटल पथ पर हुआ योग संगम

## योग का अर्थ है जोड़ना, यह मानवता के लिए वरदान: डॉ. यादव




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के अटल पथ पर राज्य स्तरीय%योग संगम सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास भी किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन का इस अवसर पर सजीव प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए अटल पथ पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और जनसामान्य ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में योग किया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, सांसद वी.डी. शर्मा तथा आलोक शर्मा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारे लिए विश्व एक परिवार है, और विश्व योग दिवस का अवसर दुनिया को भारत के मूलदर्शन और योगशैली से परिचय कराने का दिन है। योगाभ्यास करने से मन शांत होता है, शांति से संतोष आता है और जब मन में संतोष हो तो मनुष्य अहिंसा की तरफ बढ़ता है। योग, शारीरिक बल और मानसिक शांति व प्रफुल्लता बढ़ाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टांग योग दर्शन के रचयिता महर्षि पतंजलि को प्रणाम कर, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए मानवता को योग का वरदान देने के लिए उनका आभार माना। केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उइके ने कहा कि योग दिवस विभिन्न धर्मों और संस्कृति के बीच सामंजस्य का माध्यम बन चुका है। योग ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना से दुनिया को एक परिवार के रूप में विकसित किया है। योग हमें भागदौड़ भरी जिंदगी में कुछ समय के लिए अपने अंदर झांकने का अवसर देता है। योग से चित्त यानी मन को निरोगी रखा जा सकता है।

## सार-समाचार

### नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब




**पेरिस, एजेंसी।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन–अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए। उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन–अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था।

### सीजेआई गवई ने साथी न्यायाधीशों के साथ किया योग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को उच्चतम न्यायालय परिसर में सीजेआई बी आईगवई ने अन्य न्यायाधीशों के साथ योग किया। शीर्ष अदालत के प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में न्यायाधीशों के अलावा कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। इस दिन देश–विदेश में व्यापक स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### देश में कोरोना संक्रमित 19453 मरीज हुए स्वस्थ

**नई दिल्ली, एजेंसी।**। देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी दर्ज की गई है और शनिवार को इस वायरस से उबरने वालों की कुल संख्या 19453 पहुंच गयी जबकि कुल सक्रिय मामलों का आंकड़ा घटकर 5012 रह गया। पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से राजस्थान के एक और मरीज की मौत होने के साथ देश में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 121 हो गया।

### मणिपुर में पिछले 24 घंटों में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग–अलग अभियानों में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले के काकचिंग–थाने के अंतर्गत काकचिंग तुरेल वांगमा से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने टेंग्नौपाल जिले के मोरेह–थाने के अंतर्गत सीमा स्तंभ संख्या 75 से 74 के बीच के क्षेत्र से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने जिरीबाम जिले के जिरीबाम–थाने के अंतर्गत कामरांगा गांव क्षेत्र से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है।

### नकली मुद्रा मामले का आरोपी मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2013 के केरल नकली मुद्रा मामलों से जुड़े एक प्रमुख आरोपी को 12 साल बाद मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया है। एजेंसी के एक अधिकारी ने शनिवार को यहां बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से मोइदीनबाबा उमर बेरी उर्फ मोइदीन के प्रत्यर्पण के बाद उसे केरल के कोच्चि में एक विशेष अदालत में पेश करने के लिए भेजा गया है। बेरी 2015 से यूएई अधिकारियों की हिरासत में था और प्रत्यर्पण प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया था। वांछित भगोड़ा दुबई से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निर्वासित के रूप में लौटा है। उसे शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार किया गया। आरोपी भारतीय मुद्रा की जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोपों में एनआईए कोच्चि शाखा में दर्ज एक मामले में केंद्रीय एजेंसी द्वारा वांछित था।

इजराइल–ईरान संघर्ष 9वें दिन भी रहा जारी

# इजराइली हमले में 3 ईरानी कमांडर मारे गए

▶ एक और ईरानी न्यूक्लियर वैज्ञानिक की मौत



**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने ईरान के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई–कमशेह और उनकी पत्नी की मौत शुक्रवार को तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजराइल–ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इजराइल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है।

**अब तक 827 भारतीयों को निकाला गया**

इधर, ईरान के मशहद से एक और फ्लाइट शनिवार शाम 4:30 बजे 310 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 827 भारतीयों को निकाला जा चुका है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिक के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।


### ईरान पुराना दोस्त : सोनिया



कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है।

राहुल का चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप

# जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब आयोग से जवाब मांगे जा रहे हैं, तब वह उल्टे सबूतों को मिटा रहा है। यह बयान उन्होंने उस समय दिया, जब चुनाव आयोग ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव की सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग को 45 दिन बाद नष्ट कर दिया जाए।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मतदाता सूची मशीन–रीडेबल फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज कानून बदल कर छिपा दी। चुनाव की फोटो और वीडियो अब 1 साल नहीं, 45 दिन में मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था – वही सबूत मिटा रहा है।' उन्होंने आगे लिखा, स्पष्ट है कि मैच फिक्स है। और फिक्स किया गया चुनाव लोकतंत्र के लिए जहर है। राहुल गांधी लंबे समय से चुनाव आयोग से मतदाता सूची, चुनावी आंकड़ों और चुनाव से जुड़ी वीडियो फुटेज की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में गड़बड़ी हुई है।

### चुनाव आयोग ने कहा-गोपनीयता और सुरक्षा जरूरी

राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने जवाब दिया है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा कि मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज को सार्वजनिक करना। मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। आयोग के अनुसार, इस तरह की मांगें दिखने में तो जनहित और लोकतांत्रिक ईमानदारी के समर्थन में लगती हैं, लेकिन वास्तव में इनका उद्देश्य इसके विपरीत होता है।

### खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से मजदूर की मौत, 4 घायल

**मुरैना, एजेंसी।** जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जड़ेरुआ के समीप वाटर प्रोजेक्ट के लिए पाइप लाइन डालने के लिए आज हो रही खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से एक निजी टेलीकॉम कंपनी के एक मजदूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के ग्राम जड़ेरुआ के पास वाटर प्रोजेक्ट के लिए एक निजी टेलीकॉम कंपनी के मजदूर पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दोपहर में सोलह फीट गहरे में काम करते समय अचानक मिट्टी धंस गई और उसमें पांच मजदूर दब गए। इस हादसे में कल्लू सिंह (40) की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल प्रीतम, प्रमोद, संदीप और सुनील सिंह को उपचार के लिए मुरैना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार मिट्टी में दबे मजदूरों को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए मुरैना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अहमदाबाद हादसा: एअर इंडिया के 3 अफसरों को हटाने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने क्रू शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल में गंभीर खामियों को लेकर एयर इंडिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की, जिसमें तीन वरिष्ठ अधिकारियों को रोस्टरिंग डिपार्टमेंट से तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया। इस पर एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से तीन अधिकारियों को हटाने का आदेश दिया। विमानन नियामक द्वारा जारी एक औपचारिक निर्देश के अनुसार, नियामक ने इन तीन अधिकारियों को अनधिकृत और गैर–अनुपालन वाले क्रू पेयरिंग, अनिवार्य लाइसेंसिंग आवश्यकताओं के उल्लंघन और फ्लाइट क्रू रीसेंसी मानदंडों का पालन करने में विफलता सहित कई उल्लंघनों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। डीजीसीए ने स्थिति को शेड्यूलिंग प्रक्रियाओं और पर्यवेक्षी निरीक्षण दोनों में सिस्टम की एक बड़ी विफलता बताया है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि अंतरिम अवधि में कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी इंटीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर (आईओसीसी) पर सीधी निगरानी रखेंगे। एयर इंडिया ने कहा, सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए एयर इंडिया प्रतिबद्ध है। डीजीसीए के अनुसार, ये तीनों अधिकारी क्रू रोस्टरिंग को लेकर गंभीर और बार–बार होने वाली चूक में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ 10 दिनों के भीतर आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए। वर्तमान में एआई 171 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर दुर्घटना से जूझ रही एयर इंडिया को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। अहमदाबाद की दुखद घटना में 241 यात्रियों और क्रू मेंबर्स सहित लगभग 270 लोगों की मौत हो गई थी। एविएशन इंडस्ट्री एम्प्लॉइज गिल्ड (एआईईजी) ने पिछले साल विमान में तकनीकी खराबी की सूचना देने के लिए एयरलाइन द्वारा दो केबिन क्रू सदस्यों को बर्खास्त करने की सीबीआई जांच की मांग की है।

राजा रघुवंशी हत्याकांड

# सोनम व राज को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलांग, एजेंसी।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार सोनम और राज को शनिवार को शिलांग कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान पुलिस की ओर से दोनों आरोपियों की रिमांड की मांग नहीं की गई, जिसके चलते कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इससे पहले, 19 जून को हत्याकांड में शामिल सभी पांचों आरोपियों को रिमांड पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान कोर्ट ने सोनम और राज की रिमांड दो दिन के लिए बढ़ाई थी और तीन आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए थे। राजा रघुवंशी (28) और उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी (24) 23 मई को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा (चेरापूंजी) में नोंग्रियाट गांव में एक होमस्टे से चेक आउट करने के कुछ घंटों बाद लापता हो गए थे। बाद में राजा रघुवंशी का शव बरामद किया गया था।

इस मामले की जांच के दौरान गिरफ्तारी के बाद, सभी पांचों आरोपियों सोनम और चार अन्य सोनम का प्रेमी राज सिंह कुशवाह (21), आनंद सिंह कुर्मी (23), आकाश राजपूत (19) और विशाल सिंह चौहान (22) को 11 जून को शिलांग के जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने सभी पांचों आरोपियों को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

प्रमुख यात्रा गलियारों में सुरक्षा उपायों को किया गया मजबूत

# पहलगाम हमले के बाद फिर से पटरी पर लौट रहा कश्मीर का पर्यटन

• सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू, देशबन्धु।** पहलगाम नरसंहार के बाद बुरे वक्त को काटने वाले कश्मीरी अब अल्लाह का शुक्र अता करना नहीं भूलते क्योंकि कश्मीर की ओर टूरिस्टों के रूख ने उन्हें फिर से जीने और कश्मीर में ही टिके रहने की वजह दे दी है। हालांकि यह बात अलग है कि इस बार अमरनाथ यात्रा में हेलिकाप्टर सेवा पर प्रतिबंध अभी भी कश्मीर के हालात के प्रति शंका पैदा करते थे।

यह अब खुशी की बात है कि इस साल की शुरुआत में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए जानलेवा हमले के बाद एक छोटे लेकिन गंभीर झटके के बाद, कश्मीर का पर्यटन उद्योग फिर से पटरी पर लौट रहा है। कश्मीर में उत्साहजनक आंकड़े और नए सिरे से आशावाद के साथ पर्यटन उद्योग में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि 1 जून से 16 जून के बीच कश्मीर में 23,266 पर्यटक आए, जिनमें 448 विदेशी नागरिक शामिल थे – यह क्षेत्र की सुरक्षा और आतिथ्य में विश्वास को फिर से जगाने का एक आशाजनक संकेत है। पर्यटन में हाल ही में आई तेजी, कश्मीर के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों में से एक है। पहलगाम की घटना के कारण बड़े पैमाने पर यात्राएं रद्द की गईं और होटल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों, कारीगरों और टूर ऑपरेटरों सहित हितधारकों को भारी नुकसान हुआ। हालांकि, जम्मू और कश्मीर प्रशासन के निरंतर प्रयासों से परिणाम मिल रहे हैं। अधिकारियों ने अप्रैल के हमले के बाद बंद किए गए आठ प्रमुख पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया है और सभी प्रमुख यात्रा गलियारों में सुरक्षा उपायों को स्पष्ट रूप से मजबूत किया गया है। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी का कहना था कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के पर्यटकों की वापसी बेहतर सुरक्षा माहौल में बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। उद्योग से जुड़े हितधारकों में भी उम्मीद जगी है। पहलगाम के एक होटल व्यवसायी शब्बीर अहमद के बकौल, हम हमले के बाद तबाह हो गए थे। लेकिन अब, पर्यटकों के आने से, हम फिर से वापसी के संकेत देख रहे हैं। जून हमारी उम्मीदों से बेहतर रहा है और हमें जुलाई और अगस्त में भी अच्छी उम्मीद है।

डल झील के शिकारा संचालक तारिक हुसैन ने भी यही भावना दोहराई थी। वे कहते थे कि एक समय था जब मेरे पास कई दिनों तक एक भी ग्राहक नहीं आता था। अब मुझे रोजाना पांच से छह ग्राहक मिलते हैं। ऐसा लगता है कि जिंदगी फिर से पटरी पर लौट रही है। सरकार के सुधार अभियान में बॉलीवुड हस्तियों, सोशल मीडिया प्रभावितों और लक्षित डिजिटल आउटरीच को शामिल करते हुए प्रचार अभियान भी शामिल हैं।

## बनखेड़ी नगर में वार्डवार हर्षोल्लास से मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा 21 जून 2025 को शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर वार्डवार कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 9 स्थित गोविंद पैलेस गार्डन एवं वार्ड क्रमांक 14 स्थित संत रावतपुरा स्कूल में भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत निर्धारित समय सारणी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के योग दिवस पर दिए गए उद्बोधन के सीधा प्रसारण से की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में जुटा नगर, किया योग

**हरदा, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग" की थीम पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योग दिवस का जिला स्तरीय कायक्रम कृषि उपज मण्डी प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कायक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारतीय राजू कमेड़िया, कलेक्टर सिध्दार्थ जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक व विद्यार्थीगण ने भी योगाभ्यास किया। इस कायक्रम में विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन व भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। योग दिवस के अवसर पर जिले के प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर चारूवा में भी सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किया गया।





### स्वास्थ संस्थाओं में भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित हुए

**हरदा, देशबन्धु।** अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले की स्वास्थ संस्थाओं में भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये गये। हरदा में स्वास्थ्य विभाग के डीई आई सी भवन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. कमलेश गौड़, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र ठाकुर, डॉ. आयुषी गुप्ता डॉ. मोनू चौरे, संजय खरकर, राजेश पटनी, संतोष कोगे सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा हरदा के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक फाईल वार्ड तथा विकास नगर सहित जिले की स्वास्थ संस्थाओं में योग सत्र का आयोजन किया गया।



## न्यायालय परिसर में न्यायाधीश, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों ने किया योग

**हरदा, देशबन्धु।** अंर्तराष्टीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन एवं विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया।

योग शिविर में योग प्रशिक्षक गणेश विश्नोई ने उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण व न्यायालयीन कर्मचारियों को अनुलोम-विलोम, शीर्षासन, प्राणायाम, भ्रामरी, हलासन, उष्ट्रासन, तथा सूर्य नमस्कार आदि विभिन्न आसनों की जानकारी दी तथा आसनों की क्रियाविधि का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुधीर चौधरी ने भी एडवांस मेडीटेशन का प्रशिक्षण दिया तथा सभी को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी। योग शिविर में विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह ने बताया कि योग मन को शांत करता है, जब भी आपका मन विचलित हो योग का सहारा ले। उन्होंने बताया कि इस साल अंतर्राष्टीय योग दिवस 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम पर मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना है। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि योग के जरिए ही जीवन को निरोग रखा जा सकता है। नियमित योग करने से शरीर पुष्ट होता है और कई तरह की बीमारियां खत्म होती है। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों को प्रतिदिन आधे घंटे नियमित योग कराने की सलाह दी। सचिव श्री राठौर ने इस अवसर पर उपस्थितजनों को योग दिवस के उपरांत नालसा की योजनाओं, विधिक सहायता योजना, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 एवं अन्य विधिक जानकारी दी। योग शिविर में जिला न्यायाधीश तनवीर अहमद, निसार अहमद, निमीष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, न्यायाधीशगण सचेन्द्र भदकारिया, प्रेमदीप शाह, संजीव रहांगडाले, सुश्री काजल पटेल, जिला अधिवक्ता संघ हरदा के अध्यक्ष संजय शांडिल्य, अन्य अधिवक्तागण, डिफेंस काउंसिल्स, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरालीगल वॉलेंटियर उपस्थित रहे।



### जिला जेल में हुआ योग सह विधिक साक्षरता कायक्रम

जिला जेल हरदा में शनिवार को अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर योग सह विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में बंदियों ने विभिन्न योगा आसनों का अभ्यास किया, तथा योग शिविर के बाद बंदियों को उनके अधिकारों, नालसा की विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी गई। शिविर में सहायक जेल अधीक्षक सुश्री मनीषा यादव, डिप्टी एलएडीसी श्री अनीस मोहम्मद खान उपस्थित रहे।

## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत योग कार्यक्रम का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** 11 वे अंतरराष्टीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार, जिला आयुष अधिकारी डॉ अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर चारखेड़ा में योग कायक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 92 ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया।इसी दौरान सरपंच श्रीमती कृष्णाबाई भिलाला मौजूद रही।योग प्रशिक्षक राजकुमारी लोंगरे द्वारा योगा करवाया गया। डॉ अजय जायसवाल एवं श्री आर. के. तिल्लौरे (सचिव) द्वारा योगा से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई।



### कृषि विज्ञान केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**हरदा, देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केंद्र में शनिवार को अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर हार्टफूलनेस संस्था हरदा से डॉ. राजेश पटेल, संतोष राठौड़ एवं विनोद फूलरे ने योग एवं आध्यात्म का जीवन में महत्व और इसके लाभों की जानकारी दी तथा प्रशिक्षणार्थियों को मेडिटेशन कराया। इस दौरान प्रशिक्षणर्थियों ने विभिन्न प्रकार के योग अभ्यास किये। इस अवसर पर सभी जनों को शपथ दिलाई गई कि प्रतिदिन योग एवं ज्ञान को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनायेंगे एवं स्वयं समाज और विश्व को स्वस्थ रखने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर वैज्ञानिक सुश्री जागृति बोरकर, डॉ ओम प्रकाश भारती, डॉ मुकेश कुमार बंकोलिया, प्रमोद प्रसाद पटवार आदि उपस्थित थे।

## सावधान ! बरसात के दिनों में दूर रहें जानलेवा खंभे से

**रोड डिवाइडर में लगे पोल में फैल गया था करंट**

**ऐसी लापरवाही को किसी भी स्थिति में माफ नहीं किया जाना चाहिए।**

**बैतूल,देशबन्धु।** शहर के गंज बाबू चौक पर शुक्रवार रात डिवाइडर में लगे विद्युत पोल में करंट फैलने से गाय के बछड़े की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा विद्युत पोल में खुले तारों से फैले करंट के कारण हुआ। जैसे ही बछड़ा पोल के संपर्क में आया उसे तेज करंट लगा और मौके पर ही तड़पकर उसकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत नगर पालिका को सूचित किया, लेकिन 30 मिनट से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई अधिकारी या कर्मचारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा। लोगों ने बताया कि पूरे पोल और आसपास फैले वायर में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। बाबू चौक व्यस्ततम चौराहा है और यहां बाजार आने वाले की आवाजाही रहती है। ऐसे में अगर यह हादसा किसी राहगीर, बच्चा या बुजुर्ग के साथ होता तो बड़ी जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता था। लोगों ने नगर पालिका और बिजली कंपनी की लापरवाही को लेकर आक्रोश जताया। शिकायत के बाद बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पोल में फैले करंट को बंद कर मरम्मत का कार्य शुरू किया। लेकिन तब तक वह मासूम बछड़ा अपनी जान गंवा चुका था।

लोगों का कहना है कि समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि ऐसी लापरवाही को किसी भी स्थिति में माफ नहीं किया जाना चाहिए। इस घटना ने सभी को व्यथित कर दिया था। लोगों ने मांग की है कि बाबू चौक सहित शहर के सभी बिजली पोल और वायरिंग की तत्काल जांच हो ताकि भविष्य में किसी और निर्दोष की जान ना जाए।

## खेत की मेढ़ पर बिजली करंट लगने से युवक की घटनास्थल पर हो गई मौत

**चिचोली, देशबन्धु।** चिचोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीरपुर गांव के एक खेत की मेढ पर बिजली करंट लगने से युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत पुलिस ने मृतक का शव का पीएम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। घटना शनिवार के सुबह की है । शनिवार को मृतक फूलेसिंह पिता मोहन बारस्कर 35 साल झाफल की बीरपुर के किसान के खेत की मेड पर बिजली के करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई । मृतक की पत्नी शिवकली ने बताया कि मेरे पति चिचोली बीरपुर निवासी मुजीब के खेत मे काम करता है वह खेत मे बोया गया सोयाबीन की फसल को दबाने गया था इस दौरान पड़ोसी किसान द्वारा मे? लगाए गए बिजली तार मे फैले करेंट की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई इसके बाद चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है इस बिजली कंपनी की और पड़ोसी किसान भारी लापरवाही सामने आ रही है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पीएम करवा कर मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया है हालांकि पहले भी ऐसे कई मामले हैं जिनमें खेतों में फैलाए गए खेतो बिजली के करंट कई लोगों की जान जा चुकी है इसके बावजूद भी पुलिस विभाग एवं बिजली विभाग खेतों में बिजली फैलाने कड़ी कार्रवाई करने से परहेज करते हैं। इस मामले में थाना प्रभारी हरिओम पटेल ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया है विवेचना में लिया है जांच कर इस मामले में करंट फैलने वाले पर कार्रवाई की जाएगी।

## संविधान संवाद यात्रा का आयोजन 22 से 25 जून तक

**हरदा, देशबन्धु।** भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में प्रतिमा स्थापना की मांग के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेशव्यापी संविधान संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हरदा जिले में यह यात्रा 22 जून से 25 जून 2025 तक आयोजित की जाएगी।जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने बताया कि आयोजन में एआईसीसी पर्यवेक्षक व राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर से सांसद हरीश मीना, पीसीसी प्रभारी प्रकाश खेरवाल, पोरलाल खर्ते तथा जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह 'शेरा भैया' विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संविधान संवाद यात्रा के अंतर्गत हरदा जिले के विभिन्न ब्लॉकों में चौपाल, पदयात्रा, नुक्कड़ सभा एवं उपवास कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कायक्रमों का उद्देश्य आमजन विशेषकर दलित बस्तियों में संवैधानिक मूल्यों की जागरूकता फैलाना एवं बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापना की मांग को जन-आंदोलन का स्वरूप देना है। उन्होंने समस्त कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं युवा साथियों से अपील की है कि वे संविधान संवाद यात्रा में अपनी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर इसे सफल बनाएं।

## फीडर के कार्य : आज विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

**हरदा, देशबन्धु।** रविवार को 33/11केवी उपकेंद्र ग्वालनगर से निर्गमित 11केवी ग्वालनगर,गुर्जर बोर्डिंग और जिला पंचायत फीडर का सुबह 10 बजे से 12 बजे तक मेंटेनेंस होने के कारण निम्न कॉलोनी की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। सिद्धिविनायक रेजिडेंसी,छीपानेर रोड,विकास नगर, साई आर्य,बीबी सिटी,प्रज्ञा नगर,जय शक्ति, मेजर जोशी, गुलाब सिटी, श्यामा नगर, रौनक बिहार, पैरासिटी कॉलोनी आदि इसी प्रकार 33/11 केवी उपकेंद्र कृषि मंडी से निर्गत 11 केवी सब्जी मंडी,गल्ला मंडी और कैंटीन फीडर की सप्लाई दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेंटेनेंस होने के कारण गुर्जर बोर्डिंग,रेलवे स्टेशन,जोशी कॉलोनी शिवम वाटिका,मदीना कॉलोनी,इंडस्ट्रियल एरिया,शकूर कॉलोनी,शर्मा कॉलोनी, बस स्टैंड,ब्रह्मलोक आदि कालोनियों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यालय में किया पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत

**इटारसी, देशबन्धु।** आज भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला का इटारसी मंडल के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान परिचयात्मक बैठक हुई। इस अवसर पर महामंत्री शैलेंद्र दुबे, सौरभ मेहरा, पार्षद राकेश जाधव, मनजीत कलीसिया, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, संगीता मालवीय, राहुल पटेल, उपनिषद् दूबे, मनोज शर्मा, संदेश मालोनिया, सुष्मिता दुबे, गौरव बड़कुर, राकेश अहीरवार, हिमांशु देवहरे, आशा राव, श्रद्धा अग्रवाल, नितिन व्यास, संजीव हूरा, प्रतीक चौरसिया, मोनीश दमाड़े, प्रतीक मालवीय सहित अन्य उपस्थित रहे।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं एक पेड़ मां के नाम संदेश दिया

**इटारसी, देशबन्धु।** परियोजना इटारसी 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेक्टर स्तरीय आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया एवं सहायक संचालक वीपी गौर के मार्गदर्शन, इटारसी प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला के दिशा निर्देश में वार्ड 18 में किया। इसका उद्देश्य शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मक स्वास्थ को बढ़ावा देना, योग को भारत की प्राचीन परंपरा के उपहार के रूप में प्रचारित करना तथा इसके अभ्यास के माध्यम से वैश्विक समरसता एवं शांति को प्रोत्साहन करना है। यह संदेश श्रीमती दीप्ति शुक्ला ने सभी को दिया। योग प्रशिक्षिका श्रीमती शीला बढ़गोती ने योग कराया। वार्ड पार्षद श्रीमती गीता पटेल एवं अटल बाल पालक श्रीमती राखी दुबे एवं समस्त हितग्राही उपस्थित रहे।



### बालिका पूजन किया

योग अभ्यास के साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत कन्या पूजन साइबर सुरक्षा पोषण शिक्षा संबंधी जानकारियां देते हुए पौधारोपण जोधराज प्राथमिक शाला वार्ड 18 में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत किया।

## बेटी वेलफेयर केंद्र का उद्घाटन, बेटियों को शिक्षण सामग्री का वितरण

**इटारसी, देशबन्धु।** अवाम नगर में आज बेटी वेलफेयर केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बेटियों को नि:शुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण भी किया। यहां स्वरोजगार सहित आत्मरक्षा प्रशिक्षण, संस्कार शाला आदि का आयोजन भी होता है। बेटी वेलफेयर केंद्र का उद्घाटन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, महामंडलेश्वर मधुराजानंद गिरि काशी के मुख्य आतिथ्य में किया। जिला भाजपा महामंत्री, मुकेश चंद्र मैना, नगर मंडन इटारसी अध्यक्ष राहुल चौरे एवं पुरानी इटारसी अध्यक्ष मयंक महतो भी उपस्थित रहे। केन्द्र में बेटियों को निशुल्क शिक्षण सामग्री वितरण, आत्म रक्षा प्रशिक्षण, सनातन, संस्कार एवं संस्कृति प्रशिक्षण एवं कला कौशल स्वरोजगार प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें दोना, पत्तल, डिस्पोजल, बत्ती अमीना स्वसहायता समूह के द्वारा, हवन, पूजन यज्ञ सामग्री उन्नति स्वसहायता समूह द्वारा, चिप्स, पापड़, बड़ी, अचार, सिवन्या आदि कई खाद्य सामग्री मातृछाया स्वसहायता समूह, सिलाई, कड़ाई, बुनाई, सामग्री का निर्माण कबीर स्वसहायता समूह, पशु पक्षी संरक्षण के लिए मानव निर्मित घोंसले महिला केयर सामग्री सरिता स्वसहायता समूह द्वारा किया जाता है।



## डॉक्टर्स, सेना के जवान और अफसरों ने भी किया योग




**इटारसी, देशबन्धु।** 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों और आर्मी कैंपस में भी योग का जादू छाया रहा। आज शासकीय सिविल अस्पताल, केन्द्रीय प्रूफ संस्थान और प्रतिभूति कागज कारखाना में भी अफसरों ने योग किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. आर के चौधरी के मार्गदर्शन में सुबह 7 बजे योग शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में आईसीटीसी परामर्शदाता गणेश उपरारिया ने चिकित्सालय स्टॉफ, एएनएम छात्राओं एवं प्रज्ञा सोशल ऑर्गनाइजेशन के कार्यकर्ताओं को योग कराया। सूक्ष्म व्यायम से शुरुआत करते हुए सूर्य नमस्कार एवं अनुलोम विलोम आदि योग करते हुए योग का समापन किया। अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी ने योग का महत्व बताते हुए प्रतिदिन योग करने की सलाह दी। प्रज्ञा सोशल ऑर्गनाइजेशन के प्रोग्राम मैनेजर मोहित भल्लावी ने बताया कि अंकुरित आहार से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। सभी को अंकुरित आहार स्वल्पाहार स्वरूप वितरित किया।

**17 केन्द्रों पर मूंग पंजीयन होंगे पिछले तीन दिन से किसान पंजीयन करने को लेकर परेशान है**

## गिरदावरी अपडेट ना होने के कारण नहीं हो पा रहे किसानों के मूंग के पंजीयन

**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोहागपुर। विकासखंड सुहागपुर में मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार समर्थन मूल्य पर मूंग पंजीयन का कार्य 19 जून से प्रारंभ करने के आदेश थे और 5 जुलाई तक पंजीयन होना है परंतु सुहागपुर में गिरदावरी अपडेट करने में विलंब होने के कारण मूंग के पंजीयन नहीं हो पा रहे हैं ।17 केन्द्रों पर मूंग पंजीयन होंगे पिछले तीन दिन से किसान पंजीयन करने को लेकर परेशान है ।

कृषि विस्तार अधिकारी सुनील बर्थडे ने बताया कि गिरदावरी पूरी हो गई है। एन आई सी पर अपडेट करने का कार्य किया जा रहा है ।समितियों की आईडी भी बना कर दी जा रही है शीघ्र पंजीयन होने लगेंगे,परंतु कंप्यूटर में गिरदावरी अपडेट 3 दिन के अंदर क्यों नहीं की गई ।क्या पटवारियों ने समय पर गिरदावरी पूरी नहीं की है ।सवाल यह है गलती किसी की भी हो किसान परेशान हो रहा है मूंग खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए किसानों को आंदोलन करना पड़ा फसल कट कर किसानों के खलिहान में खेतों में पड़ी है बारिश का मौसम है पंजीयन होने के बाद खरीदी प्रारंभ होगी इस बीच बारिश से मूंग फसल को बचाकर रखना किसानों के लिए बड़ी समस्या है समर्थन मूल्य पर कहां खरीदी होगी इस पर भी संशय बना हुआ हैअभी तक बेयर हाउस और समितियों के नाम तय नहीं हुए हैं दूसरी ओर दलाल और कथित व्यापारिक किसान सक्रिय हो गए है जगह समय पैसे के अभाव में छोटे किसान बेच रहे सस्ते में मूंग.... लगभग 15 दिन पूर्व से मूंग कटाई प्रारंभ हो गई थी छोटे किसानों ने अपनी मूंग तो काट ली है परंतु पंजीयन नहीं हो रहे है खरीदी में अभी लगभग 15 दोनों का समय है खरीदी का समय और दिनांक बताया नहीं गया है ऐसे में छोटे किसान परेशान है उनके पास मूंग को रखने की जगह नहीं है खाद बीज सहित अन्य वस्तुओं को उन्होंने उधार लिया था उनका पैसा देना है धान की फसल लगाना है उसके लिए खाद बीज चाहिए समय काम हैजिसके चलते छोटे किसान ओने पौने दम पर अपनी फसल नगर में स्थित अनाज व्यापारियों को बेंच रहे हैं यह छोटे अनाज व्यापारी बड़े व्यापारियों को बेच देते हैं क्योंकि बड़े व्यापारियों के पास पर्याप्त जगह बड़ी गोदाम बेयर हॉउस होने के कारण वह पर्याप्त लाभ मिलने तक मूंग रख रहें हैं

### इधर कृषि उपमंडी सेमरी हरचंद में खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ है

विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद की कृषि उप मंडी में मूंग खरीदी की प्रक्रिया व्यापारियों के द्वारा की जा रही है, जिसमें 20 जून को मूंग की कीमत 7364 लगाई गई। किसके पूर्व जब सरकार ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की घोषणा नहीं की थी ।तब व्यापारियों द्वारा मूंग 5000 से 5500 तक तथा जो ज्यादा अच्छी थी उसे 6000 तक ही खरीदा गया ।मिनिमम समर्थन मूल्य सरकार के द्वारा निर्धारित है परंतु व्यापारी किसानों से कम रेट पर ही ले रहे हैं और यही व्यापारी अपनी मूंग की फसल किसानों के पंजीयन पर 8682 में समर्थन मूल्य पर भेजेंगे वर्तमान मंडी में सबसे उत्तम मल 3364 रहा और समर्थन मूल्य 8682 है यह स्थिति देखी जाए तो कथित किसानव्यापारियों को लगभग 1318 प्रति कुंटल का लाभ होगा यह राशि का लाभांश करोड़ों का होता है।

### बारिश से मूंग फसल को बचाकर रखना किसानों के लिए बड़ी समस्या है

मूंग खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए किसानों को आंदोलन करना पड़ा फसल कट कर किसानों के खलिहान में खेतों में पड़ी है बारिश का मौसम है पंजीयन होने के बाद खरीदी प्रारंभ होगी इस बीच बारिश से मूंग फसल को बचाकर रखना किसानों के लिए बड़ी समस्या है समर्थन मूल्य पर कहां खरीदी होगी इस पर भी संशय बना हुआ हैअभी तक बेयर हाउस और समितियों के नाम तय नहीं हुए हैं दूसरी ओर दलाल और कथित व्यापारिक किसान सक्रिय हो गए है जगह समय पैसे के अभाव में छोटे किसान बेच रहे सस्ते में मूंग.... लगभग 15 दिन पूर्व से मूंग कटाई प्रारंभ हो गई थी।

# शनिवार को योगमय हुआ नर्मदांचल, हर उम्र ने थामा योग का दामन, योग से खुशी

## स्कूल शिक्षा मंत्री, स्कूली बच्चों, योग संगठनों, स्वयं सेवी संगठनों के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों का सामूहिक योगाभ्यास

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम समूचे नर्मदापुरम जिले में अपार उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं योग केंद्र पर तथा पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्कूली बच्चों एवं स्वयं सेवी संगठनों व योग संगठनों के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधि गण अपार उत्साह से शामिल हुए। जिला मुख्यालय नर्मदा पुरम में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में योग अभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौजान सिंह रावत, एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमति नीता कोरी, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर विमला गढ़वाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री



एसपीएस बिसेन, एनसीसी एवं एन एस एस के छात्र-छात्राएं, स्कूली बच्चों स्वयं सेवी संगठन एवं योग संगठनों के सदस्यों ने सामूहिक योग का अभ्यास किया। योगाचार्य कमलेश गौर के मार्गदर्शन में योग किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री राव ने कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जितना ज्यादा योग करेंगे हमारा मन उतना ही शांत रहेगा। मंत्री श्री राव ने कहा कि योग व्यक्ति घर में भी कर सकता है उसके लिए उसे बाहर जाने की भी आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों के लिए हम बेहतर भविष्य गढ़ने का कार्य कर रहे हैं। भविष्य में सभी चीजें एआई के माध्यम से होगी। एआई तकनीक से हम आवश्यक सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सरकारी स्कूल के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा को साबित करके दिखाया है। 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट उत्कृष्ट रहा है। इसके लिए उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। मंत्री श्री राव ने कहा कि मैं सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं निरोगी जीवन की कामना करता हूं।

योग अभ्यास कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी शामिल हूए। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की बागडोर संभाली है तब से देश चारों ओर प्रगति के पथ पर चल रहा है। विश्व में जब लोग लिखना पढ़ना नहीं जानते थे तब भारतवर्ष ने विश्व को योग का ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान योग से होती है। उन्होंने सभी को संदेश दिया कि वह प्रतिदिन योग करें। उन्होंने बच्चों का आव्हान किया कि वह विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करें। राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा की प्रधानमंत्री श्री मोदी ने योग को देश में ही नहीं अपितु विदेश में भी पहचान दिलाई। आज संपूर्ण विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है।

## शांतिनिकेतन स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आज शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।शाला प्राचार्य डॉ के एम जार्ज के निर्देशन में शाला के खेल शिक्षक वेद व्रत



उमरे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया जिन में ताड़ासन ,वृक्षासन, पद हस्त आसन अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन ,भद्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशांक आसन, वक्रासन ,भुजंगासन, सलभासन, मकरासन, सेतुबंध आसन ,पवनमुक्तासन, शवासन ,कपालभाति क्रिया प्राणायाम अनुलोम विलोम शांभवी मुद्रा में ध्यान आदि का अभ्यास कराया गया। शाला की उप प्रधानाचार्या डॉ हेमलता पुरोहित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योग से होने वाले लाभों से अवगत कराया ।शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों के साथ योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया।

## तिलक सिंदूर मंदिर के सामने जंगल में 157 लोगों ने किया योग

**इटारसी, देशबन्धु।** तिलक सिंदूर मंदिर प्रांगण में आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, जनपद संघ, सरपंच संघ और ग्रामीण ने मिलकर योगाभ्यास किया। 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग का आयोजन पर्यटक स्थल तिलक सिंदूर में कराया जिसमें लगभग 157 लोगों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बताया कि योग प्रतिदिन करने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है और जोड़ों के दर्द जैसी बीमारी में राहत मिलती है। आयुष विभाग से जिला अधिकारी डॉ विमला गढ़वाल के निर्देश पर नोडल अधिकारी दीपमाला मौर्य, सहायक डॉ शुभा दीक्षित, अजय चौहान, बसंत नाल्या, आशा नाल्या, संकुल प्राचार्य जमानी सालोमन जायस एवं योगाचार्य ामानुज मौर्य एवं सत्यप्रिय आय, जनपद केसला उपाध्यक्ष अर्चना मेहतो, जनपद सदस्य सुनील नागले, सुखराम कुमरे, सरपंच डोरीलाल चीचाम, उमेश मरकाम, कला कुमरे, फुलंती, जितेन्द्र इवने, तिलक सिंदूर समिति मीडिया प्रभारी विनोद वारिवा, शंकर उईके सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# योग दिवस पर नपाध्यक्ष ने अटल पार्क में रोपा नीम का पौधा

### 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका लगाएगी 11 पौधे



**इटारसी, देशबन्धु।** 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका परिषद ने अटल पार्क में योग कक्षा का आयोजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष, सभापति, पार्षद, सीएमओ, कर्मचारियों, नागरिकों और स्कूली बच्चों ने पहुंचकर योगाचार्य के नेतृत्व में योग के विभिन्न आसन किये। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नागरिकों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ रहने के लिए नियमत योग करने के लिए प्रेरित किया।

अटल पार्क में योग दिवस आयोजन के साथ ही विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की ओर से मिले पौधों का रोपण भी नगर में किया जा रहा है। पहला नीम का पौधा नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने तहसीलदार प्रियंका भलावी, जिला भाजपा महामंत्री मुकेशचंद्र मैना, सभापति राकेश जाधव, हरप्रीत सिंघ छाबड़ा, नगर भाजपा अध्यक्ष राहुल चौरे, महामंत्री शैलेन्द्र दुबे, सीएमओ श्रीमती ऋतु मेहरा, पार्षद राहुल प्रधान, अमित विश्वास, कार्यालय अधीक्षक राजेन्द्र शर्मा, रत्नेश पचौरी सहित टीआरएम स्कूल के बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में अटल पार्क में रोपा।

### योगाचार्य को पौधा भेंट किया

इस अवसर पर नगर पालिका की ओर से अध्यक्ष पंकज चौरे ने योगाचार्य एमएल गौर को नीम का पौधा भेंट किया। इस अवसर पर योगगुरु उदय सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। शेष पौधे आज नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा जिलवानी में रोपे जाएंगे। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे इस मानसून के सीजन में और विशेष अवसरों पर अपने घरों के आसपास न सिर्फ पौधरोपण करें बल्कि जलसंरक्षण की दिशा में नगर पालिका द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग करके अपने-अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं ताकि वर्तमान और आने वाली पीढ़ी के लिए पर्याप्त जल की व्यवस्था की जा सके।



### खिलाड़ियों ने किया योगाभ्यास

इटारसी में योग दिवस पर हॉकी संघ के खिलाड़ियों ने गांधी स्टेडियम में योग गुरु कैलाश अग्रवाल के नेतृत्व में योग किया। नन्हे खिलाड़ियों के साथ ही वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी योगासन, अनुलोम-विलोम सहित सभी आसन किये। इस अवसर पर खिलाड़ियों को योग से होने वाले फायदे बताते हुए योगाभ्यास को नियमित अपनाने पर बल दिया गया। बच्चों से कहा कि वे नियमित योग करेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर कोच कन्हैया गुरयानी, वरिष्ठ खिलाड़ी राजू हरदुआ, राजेश पटवा सहित अनेक खिलाड़ी मौजूद रहे।

## सीवी रमन कालेज आफ एजुकेशन, आईटीआई में मनाया गया योग दिवस



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सी.वी.रमन कालेज आफ एजुकेशन, आईटीआई नर्मदापुरम में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें बी एड स्टाफ आई.टी.आई. स्टाफ सहायक प्राध्यापक, प्रशिक्षकों के साथ छात्र छात्राओं ने विभिन्न योग आसन किये। छात्र छात्राओं ने योग दिवस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## पंडित रामलाल शर्मा स्कूल में योग के कई आसन किए

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पंडित ,रामलाल शर्मा इंग्लिश मीडियम सी,बी,एस,ई स्कूल बुधवारा नर्मदापुरम स्कूल परिसर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के योगासन भुजंगासन, वृक्षासन ,चक्रासन,



पद्मासन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम अनुलोम -विलोम ,भ्रामरी कपालभाति ,आदि विद्यार्थियों को योग कराया गया योग प्रशिक्षक प्रवीण मीणा, रोशनी द्वारा योगासनों का महत्व एवं आवश्यकता एवं फायदे बताए गए इस अवसर पर पंडित रामलाल शर्मा इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल बुधवाड़ा के प्रबंधक अरुण शर्मा एवं स्कूल के प्राचार्य अरुण अग्रवाल एवं स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विशेष बच्चों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शनिवार को भोपाल तिराहा रसूलिया स्थित सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय (दृष्टिबाधितार्थ) मे 11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दृष्टिबाधित बच्चों ने योग किया। बच्चों को योग के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि योग करने से शरीर एवं दिमाग दोनों स्वस्थ रहते हैं। प्रतिदिन प्रात: योग करने से पूरे दिन शरीर में स्फूर्ति बनी रहती हैं एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ भी दूर होती हैं7 योग सभी उम्र के व्यक्ति के लिए फायदेमंद हैं योगा करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता हैं, योग का इतिहास व जीवन में उसकी उपयोगिता पर चर्चा की। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमति आरती राय ने बच्चों से योगा करवाया व अन्य शिक्षक व स्टाफ़ उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स एकेडमी ने मनाया इंटरनेशनल योग दिवस

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शनिवार को इंटरनेशनल योग दिवस के अवसर पर बुधवाड़ा रोड स्थित डॉल्फिन बैडमिंटन एकेडमी में योग के विभिन्न आसन करके मनाया। एकेडमी के कराते कोच यशवंत सिंह आंकरे ने खिलाड़ियों को योग फायदे बताए। इस दौरान कोच डॉल्फिन स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक अरुण शर्मा, आलोक राजपूत, यशवंत सिंह आंकरे,चेतन सिंह, प्रियांशु परसाई, सुहानी सक्सेना,देवेंद्र सिंह दायमा, मनीष कुमार सोनी सहित समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# स्कूल और कॉलेज में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने लिया योग प्रशिक्षण



**इटारसी, देशबन्धु।** वर्धमान पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मुख्य अतिथि योग प्रशिक्षक उत्तम राम आठनेरे एवं ओम प्रकाश पटैल ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन सिखाए और उनके लाभ बताए। कार्यक्रम में शाला चेयरमैन प्रशांत जैन, श्रीमती रचना जैन एवं वरिष्ठ उपप्राचार्या श्रीमती पुष्पा रघुवंशी उपस्थित रहे।

कक्षा 7 वीं से 10 वीं तक के लिए योग क्विज तथा कक्षा 11 वीं-12 वीं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा 3 से 6 तक के विद्यार्थियों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, योगा डांस व ताली योगा जैसी गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा दर्शना बुधोलिया, वंदना गौतम, मनीषा साहू, अर्चना पांडे एवं राखी चौरे मैडम द्वारा तैयार की गई।

### एमजीएम में योग संगम कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रात: 6:30 से प्रधानमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण दिखाया एवं प्रात: 7 से 7:45 तक योग संगम कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, स्पॉर्ट्स सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्रा एवं समस्त स्टाफ ने योग अभ्यास किया। पतंजलि योगपीठ से संबद्ध योग शिक्षक रामलाल उमरिया और शैलेंद्र मौर्य ने योग अभ्यास कराए।

**मां नर्मदा कैंपस में योग दिवस :** मां नर्मदा कैंपस में शनिवार को 11 वॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में स्कूल के बच्चों एवं शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के बच्चों को सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाती प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि प्राणायाम करवाए। स्कूल की एचओडी श्रीमती साक्षी भारद्वाज ने बच्चों को योग द्वारा शरीर को होने वाले फायदे से अवगत कराया।



## शांडिल्य ऋषि की तपोभूमि सांडिया में किया गया सामूहिक योगाभ्यास



**इटारसी, देशबन्धु।** इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' अर्थात 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' पर हायर सेकंडरी स्कूल सांडिया जिला नर्मदापुरम में योग गतिविधियां की गई। प्राचार्य विनय मोहन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि इस थीम का अर्थ है कि स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे ग्रह और हम सभी की सेहत आपस में जुड़ी है ।ईको क्लब प्रभारी सारिका घारू ने कहा कि यह 11 वॉ योग दिवस है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण, 21 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया है। शांडिल्य ऋषि की तपोभूमि सांडिया में इसका आयोजन योग का महत्व आम लोगों को इसके महत्व को बताता है ।योग प्रभारी आनंद चौहान ने कहा कि योग अभ्यास के लाभों के बारे में जानकारी का व्यापक प्रसार विश्व की आबादी के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होगा।

# मप्र राज्य इंटरजोन कबड्डी चैम्पियनशिप रीवा ने जीती, सागर टीम रही उपविजेता



**इटारसी, देशबन्धु।** प्रथम मप्र राज्य कबड्डी चैंपियनशिप इंटर जोन 15 से 18 वर्ष बालक प्रतियोगिता एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल धोखेड़ा में नर्मदांचल कबड्डी अकादमी के तत्वावधान में मप्र अमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित हुई।

शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी टी प्रतीक राव ने किया। विशेष अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वीरेंद्र मिश्रा, मोहन चौहान, संरक्षक मप्र कबड्डी एसोसिएशन, सचिव जेसी शर्मा, एमआर शर्मा, शैलेन्द्र राजपूत, वालीबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष भगवती चौरे, नगर पालिका इटारसी के उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, लक्ष्मण सिंह बेस, एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल धोखेड़ा के संचालक एसपीएस जग्गी, एवं नर्मदांचल कबड्डी अकादमी के अध्यक्ष सुरेश चिमानिया की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, लोक सभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी पहुंचे।

स्कूल के संचालक रश्मित सिंह जग्गी, प्राचार्य श्रीमती वर्षा नायडू, स्टॉफ, पटेल समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अरुण महालहा, बीएल गालर, अविनेश चौधरी, अरुण बड़कुर, संजीव चौधरी, एमएल गौर एवं अकादमी के संरक्षक तथा सदस्यों का योगदान रहा।

### 8 जोन की 16 टीमें हुईं शामिल, बनाया स्थान

चैंपियनशिप में मप्र के 8 जोन इंदौर, भोपाल, उज्जैन, रीवा, ग्वालियर, जबलपुर, नर्मदापुरम सागर की 16 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों के मैच 4 पूल बनाकर लीग मैच प्रोग्राम से राष्ट्रीय एवं अन्तर राष्ट्रीय निर्णायकों ने कराए। सभी टीमों द्वारा कड़े संघर्ष करते हुए सेमी फाइनल में नर्मदापुरम, सागर, रीवा, इंदौर में अपना स्थान बनाया।

### रीवा और सागर में फाइनल

फाइनल मैच रीवा एवं सागर के मध्य मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, विशिष्ट अतिथि तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष शर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जय किशोर चौधरी, एनपी चिमानिया की उपस्थिति में हुए जिसमें रीवा जोन 24 पॉइंट से विजेता एवं सागर उपविजेता रही। अकादमी के अध्यक्ष सुरेश चिमानिया ने सभी प्रदर्शन किया।

### जूनियर बालक फुटबॉल का जबरदस्त आयोजन

# ग्वालियर ने जीता मैच, सीहोर और इंदौर में चली कड़ी टक्कर

**इटारसी, देशबन्धु।** जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला मैच डीएचए रतलाम और डीएचए ग्वालियर के मध्य खेला गया। यह मैच ग्वालियर ने 07/01 गोल से जीता। प्रथम मैच के मुख्य अतिथि पश्चिम मध्य रेल के विद्युत लोको शेड के वरिष्ठ अधिकारी डीईई मुफीद खान थे। परिचय प्राप्त करने के लिए उनके साथ सीहोर के जिला सचिव एवं मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी मनोज कनौजिया उपस्थित हुए।

जिला फुटबाल संघ के सचिव दीपक परदेशी ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरा मैच सीहोर एवं इंदौर के मध्य खेला गया। मैच बड़ा रोमांचक रहा जिसका परिणाम 03-03 की बराबरी पर रहा। इस मैच के मुख्य अतिथि जिला फुटबॉल संघ रतलाम के जिला सचिव राजेश कौशल के साथ जीनियस प्लेनेट के संचालक जाफर सिद्दीकी थे। मुख्य अतिथि के साथ मैदान पर चिन्ना राव, अजय राजवंशी, प्रदीप प्रजापति, प्रीतम तिवारी, भागवत सिंह राजपूत, शुभ्र तिवारी, पवन, शुभम, भूषण, डालचंद राज, कृष्णा साहू आदि पहुंचे।



## एनएच-46 पर भीषण हादसा, 2 की मौत, 1 घायल

**इटारसी, देशबन्धु।** बीती आधी रात को बैतूल जा रही एक बार कीरतपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसा ऐसा हुआ कि दो की मौके



पर ही मौत हो गयी, जबकि एक को गंभीर हालत में इटारसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर बैतूल से युवकों के मित्र और परिजन आ गये। पथरोटा पुलिस के अनुसार हादसा कीरतपुर के पास रात करीब 11 बजे हुआ जिसमें बैतूल जा रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार तीन दोस्तों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। पथरोटा पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान राहुल निरापुरे और संदीप मस्कोले, निवासी बैतूल के रूप में हुई है। राहुल फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। तीसरे युवक बंटी उईके के सिर और आंख में गंभीर चोटें आई हैं। उसे इटारसी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

**जाहिर सूचना**

मैं मिलिन्द आवले पिता रुपदेव आवले जाति मेहरा उम्र 40 साल निवासी खड़की तहसील प्रभात पट्टन जिला बैतूल म.प्र.का निवासी हूं।

यह कि मिलिन्द MILIND एवं मिलिन्द आवले MILIND AVLE यह दो नाम के एक ही व्यक्ति का नाम है इसलिए मुझे **मिलिन्द आवले MILIND AVLE** नाम से जाना जाता है।

मुलताई

दिनांक 19.06.2025 शपथकर्ता

# साहित्य

## कहानी

# ताबूत

■ देव वंश दुबे



रात का यही कोई ग्यारह-बारह का वक़्त रहा होगा । जग्गू के घर में कोहराम मचा हुआ था । बच्चे चीख-चिल्ला रहे थे। उनके मुख से कभी 'माँ' की आवाज़ निकल रही थी , तो कभी 'पापा' की ।

ऐसी दर्द भरी चीत्कार सुनने के बावजूद पड़ोसियों ने उधर कान नहीं दिये । इसके कई कारण हो सकते हैं । जैसे-यह कि 'उसके घर का आंतरिक मामला है , किसी की दख़लअंदाज़ी ठीक नहीं '..... 'पति-पत्नी का झगड़ा है,कौन छुड़ाए ! आज लड़ेंगे,कल एक ही होंगे'..... या?..........या एक कारण यह भी हो सकता है कि उस घर के लिए यह कोई नई बात नहीं थी । मैंने भी कुछ अधिक सोच-विचार नहीं किया । खाना खाने के बाद अपने बिस्तर में जा घुसा ।

अगले दिन पता नहीं क्यों मेरी नींद तभी खुली जब शहर की तमाम सड़कें जाग चुकी थीं । मैं हर दिन की तरह बाहर के कमरे में चाय की चुस्कियाँ लेने लगा और सामने की सड़क से लोगों का आना-जाना देखने लगा ।

इतने में जग्गू सामने आकर खड़ा हो गया और अपने आँसू पोंछते हुए कहने लगा- 'साहब , बहुत मारी है , बुधनी ! देखिए , ये खून के धब्बे ! सिर भी फट गया है ।......और देखिएगा ?.. ये देखिए ! ' वह अपनी कोहनी की फटी चमड़ी दिखाने लगा , जिस पर चूने का लेप चढ़ा हुआ था ।

ख़ून के धब्बे देखकर मेरे रोएँ खड़े हो गये ; सिर चकराने लगा । मैंने समझाने की मुद्रा में उससे कहा , 'तुम पीते ही क्यों हो ? अपनी सारी कमाई पीने में उड़ा देते हो और ऊपर से उसपर शेख़ी बघारते हो । मैं सब जानता हूँ । वह कई घरों में जा-जाकर चौका-चूल्हा करती है , घर में चरखा चलाती है ,सूत कातती है और उनसे मिले पैसों से घर चलाती है , तीन बच्चों को पालती है ।...बच्चे क्या उसी के हैं या तुम्हारे भी हैं ? .....सब कसूर तुम्हारा ही है ।' मेरी आवाज़ में रुखाई तो नहीं थी,पर मेरे बोलने के लहजे से कोई भी जान सकता था कि मैं क्या कह रहा हूँ , क्या सोच रहा हूँ ।

उसने सुबकते हुए कहा , 'नहीं साहब , कल रात मैंने उसे कुछ नहीं कहा था । केवल खाना माँग रहा था । कभी-भी वह खाना नहीं देती ,साहब ! '

मैंने धिक्कारते हुए कहा , 'छिः ! छिः ! तुम औरत पर निर्भर हो । खाना माँगते हुए तुम्हें शर्म नहीं आती । काम तो करते ही हो । फिर अपनी कमाई से घर के खर्चे क्यों नहीं चलाते !...मुझे नहीं लगता , कोई पति अपनी घर-गृहस्थी संभालेगा,तो उसकी पत्नी उस पर हमला करेगी ।'

'नहीं साहब ! आजकल काम-धंधा बिल्कुल ठप्प है । सौ-पचास से अधिक नहीं मिलते हैं । और वो भी तब , जब किसी के यहाँ बिजली खराब होती है,पंखे नहीं चलते हैं ।.........कोई दूसरा काम तो कर भी नहीं सकता , साहब !'उसके चेहरे पर दीनता उभर आई।

मैंने कहा ,' कुछ तो काम करना ही पड़ेगा तुम्हें । बेचारी कब तक तुम्हें पालती रहेगी । देखो , शाँति से रहो । मुहल्ले के बच्चों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है ।'

मैंने उसे काफ़ी कुछ समझाया और सौ रुपये का एक नोट देकर कहा , 'जाओ-जाओ , ख़ून के धब्बे साफ़ कर स्नान कर लो !.......और सुनो ! कुछ दवा-दारू भी करा लेना , हाँ !'

वह चला जा रहा था । अभी जब पास था तो आदमी जैसा तो लग भी रहा था , पर दूर जाते हुए अजीब दिख रहा था । यदि वह खड़ा हो जाए , तो दूर के लोग यही समझेंगे कि किसी नर-कंकाल ने कपड़े पहन रक्खे हैं । हवा का एक हल्का झोंका भी उसे उड़ा ले जाएगा ।

उसके जाने के बाद मैंने अपनी शेष चाय पर दृष्टि डाली , तो देखा, असंख्य चीटियाँ मौके का नाजायज़ फ़ायदा उठा रही हैं । मैंने अपनी दृष्टि उधर से हटा ली और अंदर के कमरे में जाकर चारपाई पर लेट गया। मुझे कई वर्ष पूर्व की उसकी कहानी याद आ रही थी, जिसे मैंने कई लोगों से सुना था ।

उसकी कहानी भी अजीब है ।... पहले वह किसी दफ़्तर में नौकरी करता था । तब बुधिया विधवा थी । गाँव से दूध लेकर आती और बड़े साहब को दे जाती। उन दोनों में प्रेम हुआ और वे दोनों विवाह के धागे में बंध गये । कई मुसीबतें आयीं , लेकिन उन्हें तोड़ नहीं सकीं । उनकी ज़िंदगी हँसी-खुशी से, बड़े मज़े से आगे सरकती रही।

ज़िंदगी का उनका यह सुहाना सफ़र वर्षों तक नहीं चल सका । जग्गू एकदिन दफ्तर से निकाल दिया गया । उसकी शराब की लत ने उसे पटरी से नीचे उतार दिया।

ये शराब की लत भी अजीब होती है । पहले जमा रकम को फूँकती है । फिर अपने घर को !...

अचानक मेरी तंद्रा भंग हो गई ।

बाहर की कुंडी कोई खटखटा रहा था । दरवाज़ा खोला , तो सामने बुधिया को खड़ी देखकर मेरा मन एक बारगी आग बबूला हो उठा । मगर उसके माथे पर चढ़ी पट्टी को देखकर शीघ्र ही संभल गया । मुझे लगा मामला कुछ गंभीर है ।

मैंने जानते हुए भी उससे अनजान-सा पूछा , 'क्यों ? क्या हुआ ?'

वह रोने लगी । अपने आँचल से आँखें पोंछते हुए कहा , 'चलिए बाबू , पहले मेरे घर चलिए । चलकर स्वयं ही उसकी करनी देख लीजिए ,कि कल रात हम लोगों पर क्या बीती है । पास-पड़ोस में रहकर भी आप लोग मेरी मदद नहीं करेंगे , तो मैं कैसे जिऊँगी ? कैसे बाल-बच्चों को पालूँगी !'

मैंने कहा , 'भई , तुम लोगों का यह आपसी झगड़ा है । पति-पत्नी का घरेलू झगड़ा । कौन किसे समझाएगा ! आज लड़ोगे,कल मेल कर लोगे । बीच में कौन पड़ना चाहेगा, बताओ न ! कल रात तो तुमने उसे मारा- पीटा भी है । कितना ख़ून बहा है उसका । देखो , भविष्य में ऐसी ग़लती कभी मत करना , समझी ! यदि वह थाने चला जाए , तो बुरी तरह फँस जाओगी । वह रोता-बिलखता चारों तुम्हारी निंदा करता चल रहा है । क्या तुम्हें यह सब अच्छा लग रहा है !

'नहीं बाबू , मैं उसके हाथ-पाँव तोड़ दूँगी । जब मुझे ही अपनी कमाई से सबको खिलाना है , तो ऐसे तो उसे नहीं छोड़ूँगी । मेरी कमाई से वह घर में खाए और अपनी से दारू पिए ; यह तो नहीं हो सकता !'उसने सिर पर हाथ रखकर संकेत किया,' यहाँ देखिए,बाबू ! यहाँ देखिए ! मेरे सिर में चार टाँके लगे हैं । कल रात उसने चारपाई की पाटी से मेरा ख़ून बहाया है और मैं उसे खाना दूँगी ! जब सधवा में ही विधवा का एहसास हो रहा है,तो मैं इसकी लात-बात क्यों सहूँ ...!'

बातचीत का सिलसिला थमा नहीं था । दो-चार बुज़ुर्ग और इकट्ठे हो गये । बुधिया बार-बार अपने घर चलने के लिए ज़िद करती रही । हमलोग भी ज़्यादा मना नहीं कर सके ; उसके साथ उसके घर चले गये ।

उसका कमरा अपनी कथा-व्यथा ख़ुद कह रहा था । किरासन तेल की बदबू हर तरफ़ थी । चारों तरफ सामान बिखरे पड़े थे । मैंने सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए पूछा , 'तो ये सब रात की ही लीला है ? '

तड़ से जवाब दिया बुधिया ने ,'हाँ, बाबू ! रात की ही है । वह पीकर आया और खाना माँगने लगा।'

'ऐसे समय में तो तुम्हें खाना ही दे देना चाहिए ।' एक बुज़ुर्ग ने सलाह के लहजे में ज़ुबान खोली , 'जब जान रही थी कि वह पीकर आया है,तो उससे उलझना ही नहीं चाहिए था ! ऐसे में तो जो कहे, वही तुम्हें करना चाहिए । '

वह बुज़ुर्ग की ओर मुख़ातिब हुई और तीन चार घड़े सामने लाकर रख दिए । 'कुछ रहे , तब न दूँ , बाबा ! देखिए न ! किसी भी घड़े में न तो चावल है, न ही आटा ! कल रात तो हम लोग भूखे- प्यासे ही सो रहे थे कि वह आया और बस अपना नाटक शुरू कर दिया । गाली-गलौज, मारपीट ! ....वह तो बाहर का दरवाजा निकालकर बेचने ले जा रहा था । कह रहा था- मेरा घर है , जो चाहूँगा करूँगा ।,.......तुम बोलने वाली कौन होती हो ? ....उसने अती कर दी थी , बाबा ।......जब मैंने उसका विरोध किया , तो उसने सामान को इधर-उधर फेंकना शुरू कर दिया ।.....काफी देर तक वह मिट्टी तेल लेकर मेरे पीछे-पीछे दौड़ता रहा और मैं इधर-उधर भागती रही । तभी उसने एक चारपाई की पाटी मेरे सिर पर दे मारी । फिर क्या ! खून से मेरे पूरे कपड़े रंग गए ।.....बच्चों की बात क्या बताऊँ ? मेरी हालत देख वे भी रोने-चिल्लाने लगे थे । .....मैं क्या करती ! जब बर्दास्त के बाहर हो गया, तभी मैंने उसे मारा है , बाबा!.......हार कर ही मैंने उसका प्रतिकार किया है।......वरना कौन ऐसी औरत होगी , जो अपने मर्द पर हाथ उठाएगी । आप ही बताइए न ! कहाँ से इतना कमाऊँ और सभी के पेट पालूँ। वह हम ही से पीने के लिए भी पैसे माँगता है । कहाँ से लाऊँ पैसे ? तीन घरों में तो बर्तन माँजना भी बंद कर दी हूँ और वो भी इसी के कारण । रोज-रोज मुझे मारता है और मेरे चरित्र का शंका करता है । अब तो दो ही जगह जाती हूँ , वहीं से थोड़ा-बहुत खाना लाकर बच्चों को खिला-पिला देती हूँ । अधिकतर मैं भी उन्हीं के यहाँ से कुछ खा-पी कर लौटती हूँ । घर में तो बस थोड़ा बहुत सूत कातती हूँ , जिससे घर के अन्य खर्च चलते हैं...... ' वह एक ही साँस में सब कुछ कहती चली गयी। हमलोग मात्र निर्जीव-से मूक श्रोता बने रहे।

उसके घर से लौटते वक़्त हम लोगों ने उसे तसल्ली दी कि उसके पति को समझा दिया जाएगा । और यदि नहीं मानेगा,तब कोई और उपाय सोचेंगे। सभी जन इसके बाद अपने-अपने घरों की ओर हो लिए ।मैं भी लौट चला था।रास्ते में मेरे दिमाग में अजीब बेचैनी महसूस हो रही थी कि यह घर,घर नहीं ताबूत है । इसके अंदर जीवित लाशें कराह रही हैं। अंदर न तो कोई रोशनी है और न ही आगे किसी जादुई चिराग़ की उम्मीद ही है। उनकी ज़िंदगी और मौत के बीच का फ़ासला उत्तरोत्तर कम होता चला जाएगा । और हम तटस्थ भाव से आदमी होने का प्रमाण दिखाते चलेंगे ।

■ किसान राइस मिल के पीछे,
कृष्ण नगर,
नमना कला, अंबिकापुर –
497001,सरगुजा, छत्तीसगढ़
■ मो.7879076271

## कविताएं

## जंगल

■ शंकरानंद

ये जो पेड़ हैं खड़े एक साथ असंख्य
एक दिन में नहीं बन गए इतने सघन
एक दिन में नहीं जम गई
इनकी जड़ें पृथ्वी की आत्मा तक गहरी

ये जो पेड़ हैं एकांत के संगीत के बीच चुपचाप
तने हुए हैं आसमान को अपने माथे पर टिकाये
इतने गहरे हरे जितना कोई रंग शायद ही होगा

ये पृथ्वी जो इतनी सुन्दर है
मशीनों और सीमेंट की मीनारों के कारण नहीं
उन पेड़ों के कारण सुन्दर है
जिनके बारे में हमे पता भी नहीं होता

वे पेड़ चुपचाप रंग भरते हैं
उनकी भी जिंदगी में
जिनकी दुनिया में बारहों महीने दरारें पड़ी रहती है!

---- ---- ---- ---- ---- ---- ----

एक एक पेड़ को मिलाकर
तैयार होता है एक जंगल
इस तरह एक घर तैयार होता है उनके लिए
जो सिमटते जा रहे हैं इस पृथ्वी पर
जो विलुप्त होते जा रहे हैं धीरे धीरे

न जाने कितने जीव
न जाने कितने पशु
न जाने कितने पक्षी
कीड़े मकौरे चींटियाँ
सब रहते हैं उसी जंगल में
जो आसमान से देखने पर हरी चादर जैसा दिखता है
उस एक हरी चादर को देखने पर
कोई अंदाजा नहीं लगा सकता कि
कितने जीव जी रह रहे हैं इस जंगल में

जंगल सिर्फ पेड़ों का खजाना नहीं है कि
उसे लूट लिया जाये
वह किसी के जीने का सहारा भी है
घर है उनके लिए
जिनके लिए इस पृथ्वी पर
जगह घटती जा रही है दिन ब दिन

---- ---- ---- ---- ---- ---- ----

ये जो बुलडोजर की कतारें दिख रही हैं
इतनी शांत और चुप
ये उतनी ही हिंसक और क्रूर हैं
जितना वह दिमाग जो जंगल तक पहुँच गया है
अपनी लालसा और जिद के लिए

उसके लिए न पेड़ पेड़ है
न जंगल जंगल
ये एक ज़मीन भर है
जिसपर उसकी आंखें टिक गई हैं
उसे ये ज़मीन चाहिए
तो उसी लालसा की पूर्ति के लिए
ये बुलडोजर लाये गए हैं दर्जनों की संख्या में
ये मिनटों में उजाड़ देते हैं जंगल
बना देते हैं पाट कर उसे समतल जमीन

जिसने एक पौधा नहीं रोंपा जीवन में
वह पेड़ों को कटते देख रहा है
गिरते देख रहा धूल में
और खिल रहा है उसका चेहरा
इस तरह नष्ट हो रही है एक दुनिया
और दुनिया उसे नष्ट होते देख रही है7

---- ---- ---- ---- ---- ---- ----

बुलडोजर चल रहे हैं
कट रहे हैं पेड़
भाग रहे हैं हिरण
सहमे हुए हैं मोर
चिंघार रहे हैं हाथी

सारे जीव भाग रहे हैं
उनका घर उजड़ रहा है
वे रो रहे तो उनका रोना नहीं दिख रहा
वे जिस जंगल में करते थे अठखेलियाँ
आज वहां सिर्फ शोक है
ये शोक घर उजड़ने का है

एक एक पेड़ न जाने कितनी जिंदगी कुचल रहा है
न जाने कितने जीव मर रहे हैं
मिल रहे है उस मिट्टी में
जिसमे अभी उन्हें और जीना था
और सजाना था इस घर को
और सजाना था इस पृथ्वी की साँस

लेकिन वे भाग रहे हैं बदहवास
वे सोच रहे हैं कि बच जाएंगे
वे भूल रहे हैं कि ये नया मनुष्य है
जो मृत्यु पर उत्सव मनाता है
उजारने पर देता है शाबाशी

ये लोहे की आत्मा के साथ पैदा हुआ है
जो कुछ भी कुचल देने को आतुर है
उसकी ममता पत्थर हो गई है!

---- ---- ---- ---- ---- ---- ----

ये पहाड़ किसी एक के नहीं हैं
ये नदी किसी एक की नहीं है
ये जंगल किसी एक के लिए नहीं है
फिर भी हर जगह उसी का कब्ज़ा है

हर जगह एक मौका है
हर अवसर एक साजिश
जिसके पीछे की मंशा
सब कुछ पर सिर्फ अपना कब्ज़ा करना चाहती है

चार लोग एक जगह बैठते हैं
आपस में विचार करते हैं
मसौदा तैयार होता है
फिर सब मिलकर
हस्ताक्षर करते हैं उस पर
और इस तरह एक आदेश निकल जाता है

फिर उसको पूरा करने में सारी ताकत लग जाती है
लोग मारे जाते हैं
जंगल काटे जाते हैं
नदियाँ सूखती जाती हैं
जीव मारे जाते हैं

लेकिन यह सब अपराध की श्रेणी में नहीं आता
विकास की श्रेणी में आता है
एक ऐसा विकास जो जंगल की कब्र पर टिका है और
जिसकी नमी में असंख्य जीवों के रक्त पानी की तरह घुल गए हैं

जंगल उतनी ही आसानी से मिट रहे हैं इस पृथ्वी पर
जितनी आसानी से पानी पर लिखा कोई नाम
श्यामपट्ट पर खड़िये से लिखा एक शब्द
जैसे जंगल
काग़ज के एक पन्ने से बड़े से बड़ा जंगल लिखा हुआ मिट जाता है!

❖ क्रांति भवन,कृष्णा नगर ,खगड़िया
मो.8986933049


## व्यंग्य

# चंद मिनटों में पाएं मनचाहा प्यार और सौतन से मुक्ति

■ विनोद कुमार विक्की

भारतीय रेलवे की जनरल बोगी की दीवार अपने आप में विज्ञापन की चलती फिरती अद्भुत दुकान है. टीवी, मोबाइल का विज्ञापन समय उपरांत बदलता है लेकिन तीस मिनट से तीस घंटा तक के सफर में नेताओं के फितरत की तरह रेलवे की दीवारों पर सरकारी एवं गैर सरकारी विविध विज्ञापनों से की गई नक्काशी अपरिवर्तनीय रहती है। अलार्म पुलिंग चेन के नीचे बेवजह चेन खींचने एवं यात्रा के दौरान सिगरेट-बीड़ी के तलब गारो के लिए वैधानिक विज्ञापन, तो छात्र,बेरोजगार,रोगी आदि हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी स्टिकर वाला स्व प्रमाणित विज्ञापन, रिजल्ट की शत प्रतिशत गारंटी वाली कोचिंग का विज्ञापन, बेरोजगारों के लिए घर बैठे पंद्रह से पचास हजार रुपये कमाई का मौका दे रही संस्थान का विज्ञापन ,मुफ्त मोतियाबिंद इलाज, चर्म रोग, डायबिटीज़, बिना टीका चीरा के आप्रेशन,शराब छुड़ाई,कब्ज से गुप्त रोग तक का शर्तिया इलाज वाले विज्ञापनों का सामंजन आपको भारत में विविधता में एकता का संदेश देती नजर आएगी. जिन पर ना चाहते हुए भी तीन घंटे के सफर में तीन सौ बार आपकी नजर जानी ही जानी है। वैसे भी टीवी का विज्ञापन रहे तो रिमोट से चैनल बदला जा सकता है पेपर का विज्ञापन हो तो पेज को बदला जा सकता है, मोबाइल का विज्ञापन हो तो स्किप किया जा सकता है किन्तु मशक्कत से प्राप्त दुर्लभ ट्रेन सीट को बदलने का रिस्क भला कौन ले !

विज्ञापन से याद आया कि जो दिखता है, वही बिकता है और जो दिखाता है वही बिकवाता है. हमारे देश में दिखाने और बिकवाने वाली मानवीय प्रजाति दो ही है, पहला नेता और दूसरा बाबा. नेता की चर्चा के लिए भारतीय व्यंग्य साहित्य में एक से एक महाग्रंथ




उपलब्ध है. तो चलिए आज के प्रसंग में बाबा जी पर ही थोड़ी बहुत मगजमारी की जाय। इंडिया बाबाओं का देश है। जंगल,जेल से रेल तक हर वेरायटी के बाबा यहाँ अवेलेवल हैं. बात रनिंग ट्रेन की हो और बाबा की कृपा रूक जाए, ऐसा कदापि संभव नही।

> विज्ञापन से याद आया कि जो दिखता है, वही बिकता है और जो दिखाता है वही बिकवाता है. हमारे देश में दिखाने और बिकवाने वाली मानवीय प्रजाति दो ही है, पहला नेता और दूसरा बाबा. नेता की चर्चा के लिए भारतीय व्यंग्य साहित्य में एक से एक महाग्रंथ उपलब्ध है. तो चलिए आज के प्रसंग में बाबा जी पर ही थोड़ी बहुत मगजमारी की जाय।

रेल यात्रा के दौरान आपको दशको से मंदिर निर्माण को कृत संकल्पित चंदा मांगते या भिक्षाटन करते हुए बाबा मिले ना मिले लेकिन टोटल समस्या समाधान वाले गोल्ड मेडलिस्ट स्टिकर बाबा का विज्ञापन मिलना ही मिलना है. सकल बाधा हरने वाली विज्ञापन में इनके वास्तविक नाम की बजाय किराए या उधार पर लिया गया जनकल्याणकारी भाव वाला नाम लिखा रहता है जिसके आगे गोल्ड मेडलिस्ट होने का उल्लेख किया जाता है। बाबाजी को यह गोल्ड मेडल शिक्षा, मैराथन ,तीरंदाजी या जुमलेबाजी किस क्षेत्र में मिला है, इसका उल्लेख कहीं नहीं किया जाता।

संभवत: स्टिकर में स्थान अनुपलब्धता या प्रति शब्द छपाई की कीमत का अतिरिक्त भार की वजह से इसका उल्लेख करना मुनासिब ना समझते हों! वैसे इनके मेडलिस्ट होने पर ज्यादा मगज नहीं खपाने का, क्योंकि तंतर-मंतर से जब खोया प्यार,जायदाद,जवानी,ऐश्वर्य सब कुछ हासिल हो सकता है तो नामुराद गोल्ड मेडल कौन सी बड़ी चीज है. इनके स्टिकर पर स्वयं या इनके रामबाण क्लिनिक,दफ्तर,संस्थान की तस्वीर ना होकर शिरडी के साई की तस्वीर उसी तरह लगी रहती है, जिस तरह भारत सरकार के सरकारी पत्र पर राष्ट्रीय चिह्न अंकित रहता है. पता और स्थान का उल्लेख नही रहता संभवत: आधार कार्ड से लिंक नही होने की वजह से स्थाई पता की तलाश में बाबा का ठिकाना सदैव परिवर्तन शील रहता है. स्टिकर में अंकित दो-तीन मोबाइल नम्बर ही चिकित्सा पद्धति या समस्या समाधान का एकमात्र जरिया होता है. ये बाबा विशुद्ध सेकुलर होते हैं क्योंकि इनके विज्ञापन कैटलॉग पर क्रॉस,786,ऊँ सहित सभी धर्मो का प्रतीक चिह्न मुद्रित रहता है. ऐसे स्वयंसिद्ध चमत्कारी बाबा कबीर के स्वघोषित वंशज होते हैं क्योंकि ये 'कल करे सो आज कर, आज करे से अब...'वाली नीति के पक्षधर होते हैं. जर-जोरू-जमीन के जिन दीवानी और फौजदारी मामलो का निष्पादन तारीख पर तारीख हॉलमार्क वाली संस्थान के जज वर्षो में भी नहीं कर सकते उन मामलों का निपटान ये चुटकियों में करने का माद्दा रखते हैं।

ये शिव के कलयुगी अवतार होते हैं इनके विज्ञापन में मानव के संहार की खुलेआम चर्चा होती है. इनके विज्ञापन में एक-एक शब्दों से बनी पंक्तियाँ यमराज का सर्कुलर अथवा तानाशाह का फरमान जैसा प्रतीत होता है. विश्वास ना हो तो स्वयं आकलन कर लें क्योंकि ये स्वयंभू बाबा फोन पर ही आधा घंटा के अंदर सौतन को तड़पते देखने का दंभ भरते है। जमीन, जायदाद प्रेम, पैसा के विवादों व दुश्मनों को मिटाने का अदम्य कार्य को महज चंद मिनटों में करने का शर्तिया दावा करते है। ये खुलेआम विज्ञापन की चोट पर काला जादू के जानलेवा प्रयोग का प्रचार-प्रसार करते है. मरने-मारने का दावा करते हैं, लेकिन मजाल क्या है भारतीय संविधान का कोई कानून इन बाबाओं की जंतर तक उखाड़ सके।

भारतीय रेलवे एक्ट में भी ज्वलनशील वस्तुओं के साथ यात्रा करने पर दंड का प्रावधान है लेकिन ज्वलनशील भड़काऊ विज्ञापन चिपकाने पर कोई विधान नहीं है। जब कानून को फर्क ही नही पड़ता तो हमें इसके विरोध की क्यों खुजली हो रही भाई। जब रेल सफर मे बढ़े हुए फोता या हाइड्रोसिल की प्रतीकात्मक चित्र वाली विज्ञापन देखने को हम अभ्यस्त हो चुके हैं तो बाबा की बाबागिरी वाले विज्ञापन से कौन सा सेहत का इम्यूनिटी लॉस होने वाला है। यदि आपको भी रनिंग ट्रेन की तरह इन बाबाओं की रनिंग संस्थान से लाभ प्राप्त करना है, तो भारतीय रेल के जनरल डिब्बों में आपका स्वागत है।

■ मो. 7765954969

# खेल जगत

**भारत की युवा ब्रिगेड ने पहले दिन इंग्लैंड को किया निराश: साउथी**

**लीड्स।** इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने कहा कि टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला कप्तान बेन स्टोक्स ने परिस्थितियों को देख कर लिया था मगर भारत की युवा ब्रिगेड ने अपने प्रतिभाशाली प्रदर्शन से उनके गेंदबाजों को अब तक निराश किया है। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में साउथी ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड को उम्मीद थी कि खेल के पहले सत्र में पिच गेंदबाजों को मदद करेगी और शुरुआती विकेट निकाल कर मेहमान टीम पर दवाब बनाया जा सकता है मगर यशस्वी जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन गिल के संयम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि हेडिंग्ले की सूखी पिच पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट खोकर 359 रन बनाये थे जिसमें यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (127 नाबाद) के शानदार शतक शामिल है।



# टीम इंडिया ने पहली पारी में बनाए 417 रन

## शुभमन गिल ने बनाए सर्वश्रेष्ठ 147, ऋषभ पंत ने भी ठोका शतक



**लीड्स,** 21 जून (एजेंसियां)। ओपनर यशस्वी जायसवाल (101) और कप्तान शुभमन गिल (147) के शतकों के बाद विकेटकीपर ऋषभ पंत (134) ने भी शतक ठोका जिसकी बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को अपनी पहली पारी में 471 रन बनाए। भारत ने लंच तक सात विकेट खोकर 454 रन बनाये थे लेकिन लंच के बाद 17 रन जोड़कर उसके शेष तीन विकेट निकल गए। पहला सत्र कह सकते हैं कि इंग्लैंड के नाम रहा क्योंकि उन्होंने चार विकेट निकाले। हालांकि तीन शतकों की बदौलत भारत 450 रन से अधिक का स्कोर पार कर चुका है।भारत ने अपने कल के स्कोर में 112 रन जोड़े और सात विकेट गंवाए। दूसरे दिन का खेल जब शुरू हुआ तो यही लगा कि भारत आराम से 500 के आंकड़े को पार करेगा। गिल और पंत की जोड़ी मिलकर भारत को 430 के स्कोर तक ले भी गई लेकिन अचानक भारतीय पारी लड़खड़ा गई और मात्र 41 रनों के भीतर भारत ने सात विकेट गंवा दिए। पहले सत्र में गिल, पंत, नायर और शार्दुल का विकेट गंवाने के बाद भारत दूसरे सत्र में पांच ओवर भी नहीं खेल पाया। हालांकि इंग्लैंड की वापसी में योगदान ओवरकास्ट परिस्थितियां का भी रहा। भारत ने सुबह तीन विकेट पर 359 रन से आगे खेलना शुरू किया । गिल ने 127 और पंत ने 65 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों भारत के स्कोर को 400 के पार ले गए। गिल टीम के 430 के स्कोर पर स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर आउट हुए। गिल ने 227 गेंदों का सामना किया और अपनी बेहतरीन पारी में 19 चौके और एक छक्का लगाया। करुण नायर चार गेंदों में खाता खोले बिना बेन स्टोक्स की गेंद पर आउट हो गए। पंत ने बशीर की गेंद पर एक हाथ से छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने फिर कलाबाजी लगाते हुए शतक का जश्न मनाया। पंत को जोश टंग ने पगबाधा किया। पंत ने कोई शॉट ऑफर नहीं किया और आउट हो गए।



### लालचंद ने जायसवाल और गिल की जमकर तारीफ की



**मुंबई।** इंग्लैंड दौरे पर पहले दिन टीम इंडिया ने जिस तरह बल्लेबाजी की, उससे पूर्व भारतीय क्रिकेटर और अनुभवी कोच लालचंद राजपूत बेहद खुश हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। लालचंद राजपूत ने भारत के पहले दिन के खेल की तारीफ करते हुए आईएएनएस से कहा कि मैं बहुत खुश हूं। टॉस हारने के बावजूद नए खिलाड़ियों के साथ जिस तरह से हमने पहले दिन का समापन किया, वह बहुत ही बढ़िया था। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा कि केएल राहुल दुर्भाग्यवश 42 पर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने अच्छा किया। ओपनिंग साझेदारी बेहद अहम होती है। किसी भी टीम को जब ओपनिंग साझेदारी अच्छी मिलती है, तो बड़ा स्कोर होता है। दोनों ओपनर ने अच्छी शुरुआत दी और बाद में गिल और पंत के बीच साझेदारी हुई।

### पंत शतकों की हैट्रिक लगाने वाले विशिष्ट क्लब में हुए शामिल



**लीड्स।** ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में धमाकेदार शतक जड़कर एक बार फिर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। एशिया के बाहर एक ही टेस्ट पारी में तीन भारतीय बल्लेबाजों द्वारा शतक लगाने का यह चौथा मौका है। पंत ने शोएब बशीर की गेंद पर एक हाथ से छक्का लगाकर अपने ट्रेडमार्क अंदाज में नाबाद शतक बनाया, इससे पहले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़े थे। तीनों के शतकों ने विदेश में भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए एक दुर्लभ और विशिष्ट उपलब्धि दर्ज की। एशिया के बाहर एक ही टेस्ट पारी में तीन भारतीय बल्लेबाजों द्वारा शतक लगाने का यह चौथा मौका है। इससे पहले 1986 में सुनील गावस्कर, श्रीकांत और मोहिंदर अमरनाथ ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। 2002 में राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा किया था और 2006 में वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़ और मोहम्मद कैफ ने ग्रॉस आइलेट में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि दोहराई थी।

### शतक के साथ दौरे की शुरुआत करना यादगार क्षण: जायसवाल



**लीड्स।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में अपने पहले टेस्ट शतक को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग का हिस्सा बताया और हेडिंग्ले में यादगार प्रदर्शन के लिए गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल, नेतृत्व और तैयारी को श्रेय दिया।हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड में पदार्पण शतक लगाने वाले जायसवाल ने कहा कि इस तरह से दौरे की शुरुआत करना एक विशेष क्षण था। उन्होने कप्तान शुभमन गिल के साथ सौहार्द की प्रशंसा की, जिन्होंने भी शतक बनाया। दिन के खेल की समाप्ति पर जायसवाल ने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने, कड़ी मेहनत करने और देश के लिए प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम का माहौल शानदार रहा है। हमें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आज़ादी दी गई है और इससे वाकई मदद मिली है। अपनी तैयारी के बारे में जायसवाल ने बताया कि गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में बेंगलुरु में इंडिया ए के लिए खेलना बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ गहन सत्र और बहुत सारी तकनीकी चर्चायें थीं। गौतम सर बहुत सहायक थे। मुझे कड़ी मेहनत करने में मज़ा आया और इससे मुझे यहाँ आने का आत्मविश्वास मिला।


## महिला हॉकी प्रो लीग : बेल्जियम से हारा भारत

**एंटवर्प,** 21 जून (एजेंसियां)। भारत की महिला हॉकी टीम शनिवार को एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) में बेल्जियम से 1-5 से हार गई। बेल्जियम के लिए 17 पेनल्टी कॉर्नर वाले रोमांचक मुकाबले में दीपिका (6%) ने भारत को बढ़त दिलाई, इससे पहले हेलेन ब्रासेर (37%, 55%), लूसी ब्रेने (41%), एम्ब्रे बॉलेनघिएन (54%) और चार्लोट एंगलबर्ट (58%) ने गोल करके मेजबान टीम की जीत पक्की कर दी। खास तौर पर बेल्जियम के सभी पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुए। भारत की शुरुआत खराब रही, क्योंकि बेल्जियम ने पहले मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। शुरुआती डर टल गया, और सविता ने जल्द ही स्कोरबोर्ड को अछूता रखने के लिए एक तेज बचाव किया। भारत के हाफ में एक अनफोर्स्ड एरर ने बेल्जियम को फिर से कब्जा दे दिया, लेकिन वैष्णवी ने एक महत्वपूर्ण इंटरसेप्शन के साथ दरवाजा बंद कर दिया। भारत ने दबाव की लहरों को झेलते हुए धैर्यपूर्वक ब्रेक पर अपने मौके का इंतजार किया। जब मौका आया, तो उन्होंने इसका फायदा उठाया। उनके पहले सर्कल में प्रवेश के परिणामस्वरूप एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, और दीपिका के शॉट ने बेल्जियम के डिफेंडर से डिफ्लेक्शन लिया और फिर नेट में जाकर भारत को आगे कर दिया। जैसे-जैसे दूसरा क्वार्टर आगे बढ़ा, भारत ने बेल्जियम के दबाव के बावजूद मिडफील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया और जगह बनाई। हालांकि, बेल्जियम ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन भारत ने चुनौती का सामना किया। नवनीत के एक कुशल रन ने सलीमा टेटे को दाएं फ्लैंक पर सेट किया, जिससे लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। रिबाउंड पर, नवनीत ने सर्कल के अंदर एक जोरदार शॉट लगाया, लेकिन गोलकीपर एलेना सोटगियू ने अच्छा बचाव किया। हाफ-टाइम से कुछ मिनट पहले, लिसा मूर्स ने सर्कल के अंदर से एक शक्तिशाली स्ट्राइक के साथ स्कोर को बराबर करने की धमकी दी, लेकिन भारत की गोलकीपर बिचू देवी ने इसे रोक दिया। बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में भारत के चार के मुकाबले 10 सर्कल एंट्री करके डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा। हेलेन ब्रासेर द्वारा बेल्जियम को बराबरी दिलाने से पहले पांच पेनल्टी कॉर्नर लिए गए। दो और पेनल्टी कॉर्नर आए, और सविता द्वारा कई बेहतरीन बचाव के बावजूद, लूसी ब्रेने ने एक और सेट-पीस के दौरान करीब से गोल करके बेल्जियम को 2-1 की बढ़त दिला दी। भारत ने अंतिम क्वार्टर में ओपनिंग की तलाश में फ्लैंक्स के माध्यम से वापसी करने का प्रयास किया, लेकिन अंतिम तीसरे में बेल्जियम की रक्षा काफी हद तक परेशान नहीं हुई।



■ बेल्जियम के सभी पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुए

## श्रीलंका, बांग्लादेश ने मैथ्यूज के अंतिम टेस्ट मैच में ड्रॉ खेला



**गाले,** 21 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच गाले में 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का पहला टेस्ट तनावपूर्ण ड्रा में समाप्त हुआ, जिसमें श्रीलंका ने अंतिम सत्र में 32 ओवर बल्लेबाजी की और मैच 72/4 पर समाप्त हुआ। हालांकि परिणाम कागज पर सीधा लग सकता है, लेकिन यह घटनापूर्ण नहीं था, क्योंकि बांग्लादेश ने गेंद के साथ कड़ी मेहनत की, और श्रीलंका ने समय रहते तूफान का सामना किया। 37 ओवरों में 296 रनों के सैद्धांतिक लक्ष्य का पीछा करते हुए, श्रीलंका ने कभी भी गंभीरता से रन बनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन उनकी सुरक्षा का रास्ता भी आसान नहीं था। उन्होंने अंतिम सत्र में चार विकेट गंवाए, जिसमें तैजुल इस्लाम और नईम हसन ने तेजी से मुड़ने वाली सतह का कुशलतापूर्वक फायदा उठाया। तैजुल बांग्लादेश के बेहतरीन गेंदबाज रहे, जिन्होंने 23 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चांडीमल के विकेट शामिल थे। हालांकि, मैच बांग्लादेश के लिए एक 'क्या होता अगर' की आशंका छोड़ गया। लंच के बाद बारिश के कारण ढाई घंटे की देरी के बाद, मेहमान टीम ने तुरंत पारी घोषित करने के बजाय बल्लेबाजी फिर से शुरू की। उनका स्पष्ट उद्देश्य कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को मैच का दूसरा शतक पूरा करने देना था - यह उपलब्धि उन्होंने मैच के फिर से शुरू होने के 50 गेंदों में हासिल की।

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज टेस्ट के लिए सैम कोंस्टास तैयार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास बैगी ग्रीन में वापस आ गए हैं - इस बार अधिक परिपक्वता, अधिक आत्म-जागरूकता और शायद थोड़ी कम हिम्मत के साथ, जो छह महीने पहले भारत के खिलाफ उनके आकर्षक पदार्पण की विशेषता थी। महज 19 साल की उम्र में कोंस्टास की क्रिकेट यात्रा पहले ही उन्हें बॉक्सिंग डे टेस्ट की कड़ी मेहनत से लेकर शांत कैरेबियाई हवा तक ले जा चुकी है, जहां वे बुधवार से ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। कोंस्टास ने ब्रिजटाउन में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह एक सपना सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि 19 साल की उम्र में अपने देश के लिए खेलना, दुनिया भर की यात्रा करना, विभिन्न संस्कृतियों का अनुभव करना और साथ ही सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना... मैं भाग्यशाली हूं कि मैं जहां हूं, वहीं हूं।

### बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

**बर्लिन।** कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 2023 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 2024 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 48वें नंबर की खिलाड़ी वांग ने रोलांड गैरोस में जीत के 12 दिन बाद गॉफ को हराकर उनके सात मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया।

### सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने सात विकेट से जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) में टेक्सास सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस की मेहनत पर पानी फेरते हुए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने सात विकेट से जीत दर्ज की। एमएलसी 2025 के 10वें मैच में हार के साथ सुपर किंग्स को सीजन का पहला झटका लगा है। टीम ने इससे पहले सभी तीन मैच अपने नाम किए थे। टेक्सास सुपर किंग्स भी चार में से तीन मुकाबले जीतकर दूसरे पायदान पर है, जबकि लगातार चौथी जीत के साथ यूनिकॉर्न्स ने पहले स्थान पर कब्जा जमा रखा है। डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर किंग्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 198 रन बनाए।

## वियतनाम में अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय महिलाओं ने ट्रॉफी जीती

**वुंग ताऊ (वियतनाम),** 21 जून (एजेंसियां)। भारतीय महिला अंडर-23 पहलवानों ने वर्तमान में वुंग ताऊ (वियतनाम) में चल रही अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया, उन्होंने कुल 10 पदक जीते। कौशल और दृढ़ संकल्प के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने सभी 10 भार वर्गों में पदक हासिल करते हुए चैंपियन ट्रॉफी जीती - चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य। 50 किलोग्राम वर्ग में प्रियांशी प्रजापत, 55 किग्रा वर्ग में रीना, 68 किग्रा में सृष्टि और 76 किग्रा भार वर्ग में प्रिया ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते। नेहा शर्मा ने 57 किग्रा में रजत पदक, प्रगति ने 62 किग्रा में रजत पदक, शिक्षा ने 65 किग्रा में रजत पदक, तन्वी ने 59 किग्रा में रजत पदक और ज्योति बेरवाल ने 72 किग्रा में रजत पदक जीता। हिनाबेन खलीफा ने 53 किग्रा में कांस्य पदक जीता। ग्रीको-रोमन कुश्ती में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। इसके अलावा, नितेश ने 97 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि अंकित गुलिया ने 72 किग्रा में कांस्य पदक जीता।

## अमनदीप द्राल ने चेक लेडीज में कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ राउंड खेला



मैं ग्रीन को लेकर बहुत उलझन में थी। लेकिन इस हफ्ते में आते ही मैंने अपने पटिंग पर बहुत ध्यान दिया :अमनदीप द्राल

**बेरौन (चेक गणराज्य),** 21 जून (एजेंसियां)। अमनदीप द्राल, जो 2022 में अपने घरेलू इवेंट में अपना पहला लेडीज यूरोपियन लीग (एलईटी) खिताब जीतने के करीब पहुंच गई थीं, ने शानदार 8-अंडर 64 का स्कोर बनाया और टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन के पहले राउंड के बाद बढ़त हासिल कर ली। एक बोगी के मुकाबले नौ बर्डी के साथ, अमनदीप ने लेडीज यूरोपियन टूर पर अपना सर्वश्रेष्ठ राउंड खेला। सीजन के अपने दूसरे एलईटी इवेंट में खेल रही और रॉयल बेरौन गोल्फ क्लब में कम स्कोरिंग की स्क्रिप्ट पढ़ रही अमनदीप ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। खास तौर पर पिछले हफ्ते (बेल्जियम में कट मिस करने के बाद) लाइन रीडिंग ने निश्चित रूप से अंतर पैदा किया। मैंने पिछले हफ्ते बॉल को अच्छी तरह मारा, लेकिन मैं लाइन को बिल्कुल नहीं पढ़ पाई। मैं ग्रीन को लेकर बहुत उलझन में थी। लेकिन इस हफ्ते में आते ही मैंने अपने पटिंग पर बहुत ध्यान दिया। मैंने अपने स्ट्रोक और अपनी लाइन पर ध्यान केंद्रित किया अन्य भारतीयों की बात करें तो, रूकी हिताशी बक्शी ने 4-अंडर 68 के साथ शानदार शुरुआत की और 12वें स्थान पर रहीं।

## क्लब विश्व कप: बायर्न ने नॉकआउट में प्रवेश किया

**मियामी,** 21 जून (एजेंसियां)। बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को बोका जूनियर्स पर 2-1 की शानदार जीत के साथ क्लब विश्व कप में अपने यूरोपीय गौरव को फिर से जगाया, एक तनावपूर्ण और कड़े संघर्ष के बाद अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। बोका समर्थकों से भरी एक उत्साही भीड़ के सामने - जिन्होंने हार्ड रॉक स्टेडियम को एक मिनी 'बॉम्बोनेरा' में बदल दिया - अर्जेंटीना की टीम ने जी-जान से लड़ाई लड़ी। लेकिन खेल के अंत में बायर्न का दृढ़ संकल्प प्रबल हुआ। हैरी केन ने पहले हाफ की शुरुआत में जर्मन चैंपियन के लिए गोल किया, लेकिन बोका ने मिगुएल मेरेंटिएल के माध्यम से वापसी की। खेल अधर में लटकने के साथ, माइकल ओलिस ने देर से विजयी गोल करके बायर्न को छह अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंचा।

## सबालेंका को हरा कर वोंद्रोसोवा बर्लिन ओपन के फाइनल में

**बर्लिन,** 21 जून (एजेंसियां)। छठी वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रौसोवा ने शनिवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारुस की एरिना सबालेंका को 6-2,6-4 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। स्टेफी ग्राफ स्टेडियम में वोंद्रौसोवा ने शुरु से आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पहलला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 27 वर्षीय सबालेंका ने वापसी का प्रयास किया मगर वोंद्रौसोवा के आगे उनकी नहीं चली और उन्होने आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया था। वोंद्रौसोवा ने अब तक दो एकल खिताब अपने नाम किये जीते हैं, जिसमें 2023 विंबलडन चैंपियनशिप भी शामिल है। वह विंबलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता है।



वोंद्रौसोवा विंबलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं

## कभी 'बिस्किट के पैकेट' के लिए खेला करते थे जावेद, आज रग्बी प्रीमियर लीग में हैं 'नंबर-1' भारतीय

### चार मुकाबलों में 20 प्वाइंट्स के साथ जावेद प्वाइंट्स टेबल में सातवें पायदान पर हैं



**मुंबई,** 21 जून (एजेंसियां)। रग्बी प्रीमियर लीग-2025 (आरपीएल) के एक हफ्ते में 'हैदराबाद हीरोज' अपने सभी चार मैच जीत चुकी है। टीम 15 प्वाइंट्स के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। 'हैदराबाद हीरोज' की सफलता का श्रेय काफी हद तक जावेद हुसैन को जाता है, जिनका सफर असाधारण रहा है। चार मुकाबलों में 20 प्वाइंट्स के साथ जावेद प्वाइंट्स टेबल में सातवें पायदान पर हैं। वह इस सीजन लीग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय हैं।

नई दिल्ली के वसंत कुंज में रहने वाले जावेद एक बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। झुग्गी में पले-बढ़े जावेद के घर के पीछे एक जंगल था, जहां उन्हें मजबूरन शौच के लिए जाना पड़ता था, क्योंकि उनके घर शौचालय नहीं था। धीरे-धीरे एक एनजीओ (अर्थ फाउंडेशन) आया, जिसने जंगल को साफ करते हुए यहां एक मैदान बनाया। 'दिल्ली हरिकेंस रग्बी क्लब' के कोच एनजीओ के सहयोग से यहां आए और बच्चों को ट्रेनिंग देनी शुरू की। जावेद वहां अपने दोस्तों को खेलते हुए देखा करते थे, लेकिन यह खेल उनकी समझ में नहीं आ रहा था। इसके साथ ही वह खुद से बड़े बच्चों से डरते थे। एक दिन कोच ने जावेद को देखा और कहा कि वह ट्रेनिंग के बाद उन्हें 'टाइगर' बिस्किट का पैकेट देंगे। ...फिर क्या था, 'बिस्किट' के लालच में जावेद ने रग्बी खेलना शुरू कर दिया। शुरुआत में जब जावेद खेलते थे, तो परिवार के पास ज्यादा पैसे नहीं होते। इसके बावजूद उनके पिता ने बेटे के लिए हर संभव कोशिश की।

अपनी साधारण शुरुआत के बावजूद, जावेद ने यह स्पष्ट किया कि वह पैसे या प्रसिद्धि के लिए नहीं, बल्कि अनुभव और प्रदर्शन के लिए आरपीएल' खेल रहे हैं। जावेद बताते हैं कि जब वह लीग में शामिल हुए, तो पैसे या किसी और चीज की परवाह नहीं थी। वह सिर्फ उन लोगों के साथ खेलना चाहते थे, जिन्हें टीवी पर देखते थे। वह उनसे सीखना चाहते थे। 'हैदराबाद हीरोज' कैंप में जावेद विश्व स्तरीय खिलाड़ियों से घिरे हुए हैं। फिजी के जोजी नासोवा और टेरियो तमानी जैसे ओलंपिक पदक विजेता और उनके स्पेनिश कप्तान मनु मोरेनो जैसे सितारे उनके साथ लॉकर रूम साझा करते हैं, जो एक उभरते रग्बी खिलाड़ी के लिए अमूल्य अनुभव है।

## सार समाचार

### काजीपुरा मोहर्रम कमेटी के सदर बने शेख आरिफ



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर में मोहर्रम कमेटी काजीपुरा की एक महतवपूर्ण मीटिंग राखी गई है जिसमें सर्वसम्मति से मोहर्ररम मनाने के लिए गठित की गई मीटिंग शेख सफ़ी की सरपरस्त में की गई। जिसमें सर्वसम्मति से शेख आरिफ को सदर बनाया गया। मीटिंग में प्रमुख रूप से मुबारिक उद्दीन, फारूक पटेल, शेख राजा, रिजवान बाबा, असलम, इकबाल भाई, सदाब बाबा, शेख वसीक, अनस, वहीद भाई, सेपु कुरैशी गब्बू कुरैशी शेख, नाजिम अनस, शेख हारून, फ़ारूक़ पटेल, शेख फैजान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे। मोहर्ररम कमेटी के शेख आरिफ को अध्यक्ष बनने पर लोगों ने साफा बांध कर पुष्प मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर शेख आरिफ ने कहा कि आप लोगों ने जो जवाबदारी मुझे सौंपी है उसे में महनत और ईमानदारी के साथ निभाउंगा, साथ में शहर के अंदर हिन्दू मुस्लिम भाई चारे के साथ मोहर्रम के साथ ताजिये निकाले जाएंगे।

### श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान विवि में मनाया योग दिवस



**सीहोर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्कूल ऑफ आयुर्वेदा, सत्य साई प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय मे हर्षोउल्लास मनाया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलगुरू डॉ. मुकेश तिवारी, उपाध्यक्ष परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर एवं स्कूल ऑफ आयुर्वेदा के प्राचार्य डॉ. अरून वानखेडे इनकी उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। सस्थान के योगा हॉल में सुबह 6:15 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का योग संगम कार्यकमका विशाखापटनम से सीधा प्रसारण आयेजित किया गया था। जिसमे सभी शिक्षकगण एवं 300 से अधिक विद्यार्थीयों ने सहभाग लिया। इसमें सभी ने सामूहिक योगा एवं प्राणायाम किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के सम्वयक डॉ. राजेश मीना, रविशंकर पटले एवं डॉ. अर्शिया खान थे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग का आयोजन

# जीवन शैली में परिवर्तन का माध्यम बनता है योग: रघुवंशी

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के अलावा कर्मचारियों ने अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान और विविध योगासन कराए। स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के प्रांगण में सामुहिक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सद् प्रयासों से भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर योग विश्व पटल पर सम्पूर्ण जगत को आलोकित कर रहा है। आज सर्वाधिक चर्चा जीवनशैली में बदलाव की हो रही है। जो आसान नहीं है लेकिन योग को अपनाते ही जीवनशैली बदलना शुरु हो जाती है।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने कहा कि निर्विवाद रूप से योग स्वस्थ जीवन का राज है। योग को दिवस में सीमित न कर जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना जरुरी है। योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने अष्टांग योग के आठ आयामों का व्यवहारिक उदाहरणों से समझाया। संस्था के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर योग का प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार, योग, आसन, प्राणायाम, यम और नियम का अभ्यास कराया। संस्था के शताधिक छात्र-छात्राओं ने नियमित योगाभ्यास के लिए पंजीयन कराया। संस्था के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने योग पर बात रखते हुए अतिथियों का आभार माना। संस्था के एन.एस.एस. प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने आसान व्यायाम का संस्था के शिक्षक परिवार और छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया। विश्व योग दिवस के कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता सहित शिक्षक परिवार ने योगाभ्यास करते हुए उपस्थिति दर्ज कराई।



### आयुर्वेद औषधालय के स्टाफ ने किया योगाभ्यास

शासकीय आयुर्वेद औषधालय मसूदपुर में भी योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसूदपुर में सभी शिक्षक गण एवं प्रभारी प्रधानाचार्य शंभू सिंह रघुवंशी भी मौजूद रहे। वहीं शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दर्शना रघुवंशी सहित समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में शामिल हुआ। साथ ही ग्रामीणों ने भी योगाभ्यास में बढ़-चढ?र भाग लिया। योग प्रशिक्षक राकेश कुशवाह एवं योग प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक जितेंद्र साहू ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। योग संगम पोर्टल के अंतर्गत यह कार्यक्रम पहले से पंजीकृत किया गया था। जिसका प्रशस्ती पत्र भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मसूदपुर के नाम प्राप्त किया गया।

### विश्व योग दिवस पर भव्य आयोजन हुआ

नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 11 वे विश्व योग दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश तिवारी, विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी, नायब तहसीलदार सविता पटेल, जनपद सीईओ तपस्या जैन, शहर थाना निरीक्षक योगेंद्र परमार बीईओ परता अहिरवार, चंद्रकुमार तारण, योगेश त्रिपाठी, महेंद्र सिंह रघुवंशी योगाचार्य, प्राचार्य एमसी शर्मा उपस्थित रहे। इससे पहले सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती जी एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर पूजन किया। तत्पश्चात प्राचार्य एमसी शर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण सुनाया गया। इसके बाद योग प्रशिक्षक शफाकत हुसैन कादरी ने सभी के लिए योग का अभ्यास कराया। इस दौरान राजेश तिवारी ने कहा कि योग को अपने दिनचर्या का अंग बनाने से हम निरोग और स्वस्थ रह सकते है, वहीं प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने कहा कि योग आज के समय में शरीर के विकास को जरूरी है। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और पालकों ने भी योग किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अनिल दुबे ने तथा आभार प्राचार्य एमसी शर्मा ने व्यक्त किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगाई योग की अलख



**सिरोंज, देशबन्धु।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा योग के महत्व को समझते हुए योग कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर एकत्रित भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग आचार्य के निर्देशों पर सामूहिक रूप से योग किया।

बारिश होने के कारण संस्कार गार्डन के हाल में आयोजित हुए इस योग कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। योग कार्यक्रम के दौरान मंच से गायत्री परिवार की कार्यकर्ता तथा नियमित योग क्लास संचालित करने वाली समाजसेविका नीति टंडन ने विधिवत योग की क्रियाएं कराते हुए उनसे होने वाले लाभों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के समापन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 वर्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ किए गए योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। आभार मंडल महामंत्री ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरीबाबू भार्गव,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में मनाया गयाअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ,एनसीसी एवं क्रीड़ा विभाग विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम प्रात: 6ः00 बजे से प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी एवं देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इसके पश्चात योग प्रारंभ किया गया। कपाल भांति,अनुलोम विलोम के साथ साथ योग की विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर लाल चंद्र राजपूत ने योग के लाभों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में स्वयं को स्वस्थ रखने का सबसे सरल एवं आसान उपाय योग ही है।

## सांची में जुनैद की हत्या पर न्याय की मांग



**सिरोंज, देशबन्धु।** गत 5 जून 2025 की रात, जिला विदिशा तहसील सिरोंज निवासी जुनैद खान और उनका साथी जिला सीहोर तहसील श्यामपुर दोराहा निवासी अरमान भोपाल में चार पहिया लोडिंग वाहन पर मजदूरी हम्माली करता था 5 जून 2025 को जुनैद खान और उनका साथी अरमान लोडिंग गाड़ी से निकले थे , तभी विदिशा-कोड़ी रोड पर 15ङ्क20 लोगों ने उन्हें घेर लिया। गौ रक्षा के नाम पर बेरहमी से पीटा, और एक सुनियोजित साजिश के तहत उन्हें दूसरी जगह ले जाकर फिर से हमला किया गया। इलाज के दौरान 17 जून को जुनैद की मौत हो गई, जबकि अरमान अब भी मौत से जूझ रहा है।

आज जमीयत उलेमा-ए-हिंद मध्य प्रदेश के नायब सदर गाजी वली अहमद चिश्ती के नेतृत्व में जमीयत उलेमा ए हिंद विदिशा जिला अध्यक्ष मुफ्ती अली अहमद क़ासमी, सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष मुफ्ती हफीज अहमद क़ासमी, जॉइंट सेक्रेटरी कारी मोहम्मद शफीक, प्रवक्ता मोहम्मद निजाम खान, सैयद मंसूर हुसैन, मोहम्मद वसीम, आमिर खान, चांद सहित एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के घर पहुँचा और पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## पूर्व सांसद के जन्मदिवस पर रोपे पौधे, असहाय लोगों को कराया भोजन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** कमलनाथ बिग्रेड के द्वारा पूर्व सांसद नकुल नाथ के जन्म दिवस पर कई आयोजन किए गए। सिमें विविध सेवा कार्यक्रम में सिद्धधाम मां शीतला शक्ति धाम पहुंचकर मातारानी को चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना करते हुए नकुलनाथ के अच्छे स्वास्थ्य एवं उनके जीवन मे सुख समृद्धि की कामना की गई। जय स्तंभ परिसर में मजदूर भाइयों को फलों का वितरण कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। राजीव गांधी जनचिकित्सालय में मरीजों को फल एवं बच्चों को बिस्किट वितरित किये गए। पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क 101 पौधों का वितरण किया गया। जिनमें आम, अमरूद, आंवला, अचार, पीपल, जामुन आदि के पौधे शामिल हैं। संजय गांधी महाविद्यालय में पौधे रोपित किये गए। साथ ही, जरूरतमंद एवं निराश्रित लोगों को भोजन वितरण कर सेवा और करुणा का संदेश दिया गया। कमलनाथ बिग्रेड के प्रदेशाध्यक्ष अमित मेहता ने कहा कि नकुल नाथ का जीवन सदैव सेवा, सद्भाव और समर्पण का प्रतीक रहा है।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र बड़ौदा में योग दिवस पर हुआ आयोजन

**संवाददाता भेरून्दा।** ब्रह्मा कुमारी सेवा केंद्र भेरुन्दा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सेवा केन्द्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी माला दीदी ने बताया कैसे राजयोग मेडिटेशन द्वारा परमात्मा से मन बुद्धि को जोड़ नकरात्मक विचार तनाव से मुक्त रखा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मानसिक समस्या हो,शारीरिक समस्या हो चाहे पारिवारिक हो ,चाहे सामाजिक हो, चाहे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समस्याएं हो, सभी समस्याओं का समाधान राजयोग मे है। बी.के. पिंकी दीदी ने योग के शारीरिक लाभों पर प्रकाश डाला। इसके साथ सभी को म्यूजिकल अभ्यास कराया, बहन अंकिता एवं राधिका ने सभी



भाई-बहनों को सूर्य नमस्कार करवाया। सह संचालिका बी.के. उर्मिला बहन, बी.के. नेहा बहन, बी.के सलोनी एवं सभी सदस्यों में बढ़-चढ़ कर योग का लाभ लिया। इस कार्यक्रम में आकर आनंदित हुए, मन, हल्का, शांत और खुशी का अनुभव हुआ।

### विधायक और जनभागीदारी अध्यक्ष की पहल रंग लाई

## नए सत्र में होगी पीजी कॉलेज में कानून की पढ़ाई

**सीहोर, देशबन्धु।** लंबे समय से शासकीय पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय की कक्षा में प्रवेश बंद कर दिया है। पूर्व में सीहोर कालेज में विधि की कक्षाएं संचालित हो रही थीं, लेकिन करीब एक दशक से कालेज प्रबंधन द्वारा लॉ की कक्षाओं के संचालित करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया गया। इसके कारण विधि की शिक्षा का पतन हो रहा है, लेकिन अब विधायक सुदेश राय और कालेज के जनभागीदार समिति के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति की पहल रंग लाई है। भारतीय विधिज्ञ परिषद ने एक पत्र जारी कर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को निर्देश दिए है कि आगामी सत्र से कालेज में विद्यार्थियों को विधि की पढ़ाई का इंतजाम करें। इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रजापति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और सीहोर विधानसभा सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री राय का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कालेज में पढ़ाई शुरू हो जाएगी और वहीं कानून की पढ़ाई के लिए सैकड़ाखेड़ी के पास जो लॉ कालेज का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो जाने के बाद वहां पर व्यवस्था की जाएगी।

गौरतलब है कि वर्षों से संगठनों के द्वारा शासकीय पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद अग्रणी महाविद्यालय पीजी कालेज में विधि संकाय प्रारंभ किए जाने की मांग छात्र-छात्राओं के द्वारा की गई है। पीजी कालेज में विधि संकाय नहीं होने से शहर सहित कालापीपल, आष्टा, इछावर, भैरुंदा आदि जगह के छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ निजी कॉलेजों में विधि संकाय पढ़ाया जा रहा है, वहां की शिक्षण शुल्क अधिक होने के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चे विधि संकाय में अध्यापन कार्य नहीं कर पाते हैं। इससे विधि संकाय के छात्र-छात्राओं को भोपाल इंदौर उज्जैन तक अध्यापन कार्य के लिए जाना पड़ा रहा है। सीहोर शहरी क्षेत्र में लगभग पांच हजार छात्र-छात्राए निवासरत होकर अपना अध्यापन कार्य कर रहे हैं। जिसमें ऐसे विद्यार्थी भी हैं जो विधि संकाय में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उससे संबंधित कोई विषय शहर के शासकीय कालेज में नहीं होने से विभिन्न समाजों के गरीब बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं की विधि संकाय में रूची को ध्यान में रखते हुए और समस्याओं के निराकरण के लिए सीहोर के शासकीय चंद्रशेखर आजाद अग्रणी महाविद्यालय पीजी कालेज में विधि संकाय प्रारंभ किए जाने की मांग उठाई जा रही थी, लेकिन अब कालेज में विधि के विद्यार्थियों को सौगात मिलने वाली है।

## तन, मन को स्वस्थ रखने योगासन सर्वोत्तम




**सीहोर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को मनाया गया। आवासीय खेल परिसर में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में विधायक सुदेश राय ने हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग संगम सामूहिक योगाभ्यास के दौरान दिए गए उद्बोधन को विधायक सुदेश राय ने वर्चुअल के माध्यम से सुना। विधायक ने योगासन किए और योग के महत्व को बताया। उन्होंने नागरिकों से अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि तन, मन और आत्मा को स्वस्थ बनाएं रखने के लिए योगासन सर्वोत्तम है योग के माध्यम से बेहतर समाज बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भारतीय योग को दुनिया के कोने कोने में पहुंचा दिया है उन्होंने ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को प्रारंभ किया है जिससे अब दुनिया के अनेक देश में भी स्वास्थ्य वर्धन के लिए वहां के नागरिक योग कर रहे हैं। यही नहीं अब अनेक मुस्लिम देशों में भी योगासन को अपनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में योग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी अनेक उपक्रम चल रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में विधायक सुदेश राय ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशासकीय अधिकारी कर्मचारी भाजपा नेता कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

## योग को अपनाने का लो संकल्प, स्वस्थ रहने का यही है विकल्प : डांगी



**आष्टा, देशबन्धु।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण विजय डांगी , जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा न्यायालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए'' विषय इस प्राचीन अभ्यास के सार को दर्शाता है। योग दिवस पर वरिष्ठ योग शिक्षक योगी राम नरेश यादव, मोहन लाल अजनोदिया, मनीष डोंगरे द्वारा उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण को योगाभ्यास कराया गया तथा योगी रामनरेश यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सम्बोधित करते हुए बताया गया कि ''योग कर्मसु कौशलम'' अर्थात् योग से कर्मों में कुशलता आती है। व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर मन और भावनाओं में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का एक साधन है। योग के आठ अंगों को अष्टांग कहते हैं जिससे आठों आयामों का अभ्यास एक साथ किया जाता है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यान, प्रत्याहार, समाधि को योग के आठ अंग माना जाता है। योग में प्राणायाम का विशेष महत्व है। प्राण का अर्थ जीवन शक्ति एवं आयाम का अर्थ उर्जा पर नियंत्रण होता है। अर्थात् श्वास लेने संबंधी कुछ विशेष तकनीकों द्वारा जब प्राण पर नियंत्रण किया जाता है तो उसे प्राणायाम कहते हैं। प्राणायाम के 3 प्रकार होते हैं:- अनुलोम विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम। इस अवसर पर अधिवक्ता नगीन चंद्र जैन, योग शिक्षक अजनोदिया एवं मनीष डोंगरे ने भी योग के संबंध में सारगर्भित जानकारी दी। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश श्रीमती ऋचा जैन, न्यायाधीश श्रीमती ऋचा शर्मा, अधिवक्तागण में धीरज धारवां, कुलदीप शर्मा, भूपेन्द्र सिंह राणा, भूपेश जामलिया आशीष जोशी आदि एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया योग कार्यक्रम का शुभारंभ

## सांदीपनि विद्यालय में मुख्यमंत्री का भाषण सुना, किया योग

**आष्टा, देशबन्धु।** विकासखण्ड स्तरीय ग्यारहवें अंतर्राष्टीय योग दिवस का आज सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उमावि में आयोजन किया गया। ग्यारहवें अंतर्राष्टीय योग दिवस पर विशाखापटनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल से योग दिवस पर भाषणों का सीधा प्रसारण सुना गया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम निर्धारित की गई है।




विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नेता धारा सिंह पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भुरू भाई, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति, मोहित सोनी, अर्जुन सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन कुमार टाले, तहसीलदार पंकज पवैया, एस.डी.ओ.पी. आकाश अमलकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद प्रजापति, प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय सितवत खान, बी.आर.सी.सी. अजब सिंह राजपूत द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर योग कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में थाना पार्वती थाना प्रभारी हरि सिंह परमार, मंडल संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग संजय त्रिवेदी, आयुष विभाग से डॉ शाइनी अंजुम, आंगनबाड़ी, आशा एवं उषा कार्यकर्ता तथा नगर के गणमान्य नागरिक, एन.एस.एस. के छात्र-छात्रा एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहें। योग कार्यक्रम में उपस्थित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि प्रतिदिन योग करने से मन एवं शरीर स्वस्थ्य रहता है। शासन द्वारा इस वर्ष वृहद पैमाने पर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए है। प्राचार्य सितवत खान योग दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि योग एक शारीरिक एवं आत्मिक क्रिया है, जिसका किसी धर्म अथवा पंथ से कोई संबंध नही है। भारत सरकार ने योग की विभिन्न गतिविधियों के आधार पर योगभ्यास को महत्व दिया है। प्राचार्य श्री खान द्वारा समस्त अतिथियों का अंतर्राष्टीय योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक असमा खानम, अंत्येश धारवां, पदमा परमार, पवन कुमार राया, जितेन्द्र मेवाड़े, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, अमिता सोनी, जितेन्द्र धनवाल, भूपेन्द्र सिंह, लीला भिलाला, नेहा अंसारी, मनोज कुमार करमोदिया, दीक्षा खंडेलवाल, अभिलाषा श्रीवादी, तेजपाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, विनय कुमार तिवारी, हेमेन्द्र पाटीदार, संदीप जायसवाल, पवित्रा कुराड़िया, मुन्नीदेवी दोहरे, नीता जैन, रामेश्वर दामड़िया, विजय हाटेकर, निर्मलदास बैरागी, दिनेश गहरवाल, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, मनोज बड़ोदिया, वंदना सोलंकी, हुकुमचंद कुशवाह, राजीव सारसिया, जितेन्द्र वर्मा, शशि बिंजवा, हेमंत मेवाड़ा अनिल पटेल, विजय अडगले, नीतू चौरसिया, कुमेर सिंह ठाकुर, श्वेता पांडे, संध्या पटेल, किश्वर जहां, कमलेश वर्मा, डी.एस. मांडवा, मुकुंद सिंह बरोड़िया, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर, आशीष विश्वकर्मा अन्य नागरिक उपस्थित थे।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### रेलवे ट्रैक पर मिला होमगार्ड जवान का क्षत-विक्षत शव, आत्महत्या या हत्या!



**सारणी, देशबन्धु।** बीती रात एक ऐसी घटना घटी, जिसने पूरे पाथाखेड़ा क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। पाथाखेड़ा चौकी में पदस्थ 30 वर्षीय होमगार्ड जवान राधेश्याम अमरुते का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर पाया गया। इस अप्रत्याशित घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल छा गया। प्रथम दृष्टया तो यह घटना आत्महत्या की लग रही है, लेकिन पुलिस इसे संदेहास्पद मानते हुए गहन जांच में जुट गई है। राधेश्याम शुक्रवार रात लगभग 9 बजे अपने घर से अंडे लेकर निकले थे और माता-पिता को बताकर पकाने के लिए कहीं गए थे। देर रात तक वापस न आने पर परिजनों ने उनकी खोज शुरू की। तभी उन्हें सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। घटनास्थल पर पहुँचकर पुष्टि हुई कि मृतक राधेश्याम अमरुते ही हैं। इस दुखद घटना से परिजन सदमे में हैं और पुलिस महकमे में भी गहरा शोक व्याप्त है। राधेश्याम के सहकर्मियों और परिचितों के लिए यह अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से एक मेहनती और ईमानदार जवान का जाना पुलिस बल के लिए एक बड़ी क्षति है।

पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव का पंचनामा तैयार किया है और आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए हैं। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है, जिसमें राधेश्याम के निजी जीवन, उनके काम से जुड़े पहलू और घटना से पहले के हालात शामिल हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई और कारण है। क्या कोई साजिश रची गई थी? क्या किसी ने राधेश्याम को मजबूर किया था? यह सब पुलिस जांच के दायरे में है।

### विधायक गंगा उइके ने किया लोक सेवा केंद्र शाहपुर का औचक निरीक्षण

**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र



की विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके शनिवार को अचानक लोक सेवा केंद्र शाहपुर पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और तत्काल फोन पर केंद्र संचालनकर्ता से बात कर स्पष्ट निर्देश दिए।

# हरित योग दिवस पर पर्यावरण और योग का हुआ संगम, पूरा दिन रहा उत्साह





**बैतूल, देशबन्धु।** वन संरक्षक वृत बैतूल श्रीमती बासु कनौजिया और वन मंडलाधिकारी उत्तर बैतूल नवीन गर्ग के मार्गदर्शन में हरित योग दिवस के अवसर पर नगर वाटिका कालापाठा बैतूल में विशेष योग पर्यावरण और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और नागरिकों ने मिलकर एक साथ योगाभ्यास किया और पर्यावरण के संरक्षण के महत्व पर चर्चा की।

अध्यक्षता सुभाष वार्ड की पार्षद श्रीमती किरण खातरकर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग और पर्यावरण दोनों हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। हमें इन्हें बचाने और बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। योगाचार्य सागर शिवानकर, पर्यावरणविद् भागवत बोरहपी, सेवानिवृत्त वन क्षेत्रपाल केएस बघेल, वन क्षेत्रपाल अनुरुद्ध शुक्ला, जीएल कोडापे वनपाल और अशोक गढ़ेकर वनरक्षक उपस्थित थे। पर्यावरण संरक्षण के महत्व और योग के स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण योगाभ्यास सत्र था, जिसमें वन क्षेत्रपालों और छात्रों ने पर्यावरण पर आधारित सेमिनार आयोजित किया और वहां उपस्थित लोगों को पर्यावरण के साथ योगाभ्यास के लाभ समझाए। साथ ही नगर वाटिका में पौधारोपण भी किया गया। प्रशिक्षित वनरक्षक और छात्रों ने पर्यावरण और योग के संबंध में विशेष जानकारी दी और बताया कि यह दोनों पहलू हमारे जीवन में शांति, संतुलन और सेहत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### योग शारीरिक, मानसिक शांति और संतुलन का माध्यम: हेमंत खंडेलवाल

**बैतूल, देशबन्धु।** आयुष विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर के मार्गदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी अनिलसिंह कुशवाह, जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशन एवं संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के आदेशानुसार आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम प्रात: 6 बजे शासकीय



जयवंती हॉक्सर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हेमंत खंडेलवाल शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग शारीरिक, मानसिक शांति और संतुलन का माध्यम है। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहेंगे। इसे जीवनशैली में शामिल कर हम स्वयं और समाज को भी स्वस्थ बना सकते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने और नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प भी दिलाया।

कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनुराग पांडे, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आयुष संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं शहरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिदिन योग करने और नशे से दूर रहने की शपथ ली। आयोजन के पश्चात् योग संगम पोर्टल पर सामूहिक योगाभ्यास की फोटोज भी अपलोड की गईं। पूरे जिले में आयुष विभाग के इस आयोजन को लेकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

### योग कहने से नहीं, करने से होता : भूपेंद्र पवार



**बैतूल बाजार, देशबन्धु।** भारतीय संस्कृति में योग बहुत प्राचीन परंपरा है। आदि योगी भगवान शंकर से प्रारंभ होकर महर्षि पतंजलि और उसके बाज आज तक योग शरीर, आत्मा और परमात्मा के मिलन का कारक है। योग कहने से नही करने से ही होता है। ये विचार अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सरस्वती संस्थान के भूपेंद्र पवार ने डिवाइन स्कूल बैतूल बाजार में व्यक्त किये। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी मंडलों में योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बैतूल बाजार मंडल के कार्यक्रम संयोजक अजय पवार ने रोशनी डाली। विनायक धोटे द्वारा प्रज्ञा योग के माध्यम से योग की बारीकियां बताकर योग की क्रियाएं करवाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अनूप वर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील पवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश राठौर, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड, पार्षद विजय पानकर, सरस्वती संस्थान के प्राचार्य भूपेंद्र पवार, शिक्षक प्रकोष्ठ के अजय पवार, अरविंद राठौर, मयंक राठौर, अभिषेक राठौर, क्रांति पवार, शिवा मालवीय, डिवाइन परिवार से प्रीति पवार, श्री राम पवार, शेफाली सिंह, रेखा पद्माकर, मुकेश विश्वकर्मा, प्रेम पवार, पूजा देशमुख, सोनाली पानकर, आदि ने योग में हिस्सा लिया। आभार मंडल अध्यक्ष सुनील पवार ने व्यक्त किया।

### बैतूल के युवा डॉ. नवीन वागद्रे और टीम ने मेरठ में योग कराया, बताई बारीकियां



**बैतूल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेरठ के मालियाना क्षेत्र में आयोजित योग जागरूकता कार्यक्रम में सुभारती प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग अस्पताल की टीम को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौरव, डॉ. आज़ाद, डॉ. दीप्ति डॉ मलय और डॉ. नवीन ने मिलकर संस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

### योग से ही विश्व का कल्याण संभव : डॉ. घोरे



**बैतूल, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय में शनिवार 21 जून को को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर आरोग्य भारती के योग ट्रेनर डॉ. शैलेंद्र सोनी और उनकी टीम द्वारा उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को योग कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. घोरे ने कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना, और भारत ने पूरे विश्व को योग के माध्यम से जोड़कर रखा है। भारत आज विश्व गुरु के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व का कल्याण एवं शांति केवल योग के माध्यम से ही संभव है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मनाए जा रहे इस 11वें योग दिवस का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का जो संकल्प भारत ने लिया है, उसे पूरा विश्व एक साथ मिलकर स्वीकार कर रहा है और योग के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में अनिल दुबे, नीलम दुबे आरोग्य भारती, नर्सिंग ऑफिसर पूनम बैरागी, शोभा वानखेडे, कविता सिंह, निर्मला तिवारी, नागरानी, सोमनी वर्गीज, सविता चढोकार, सीमा मालवी, ईस्टर सिंह, ममता वागद्रे संगीता वानखेडे, गीता पवार, पुष्पलता पाटिल, अनीता खातरकर और सुमरती पेंद्राम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को नियमित योग करने की प्रेरणा दी गई और सभी ने योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### योग को बनाए अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा: कैलाश



**आठनेर, देशबन्धु।** विश्व योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग पीठ परिवार आठनेर, एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति आठनेर भारतीय जनता पार्टी मंडल आठनेर के द्वारा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर आठनेर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार प्राणायाम सहित अनेक आसन एवं योगाभ्यास कराए गए। पतंजलि पीठ के सह राज्य प्रभारी भीमराव आवठे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन भाग दौड़ भरे जीवन में समय निकालकर सरलतापूर्वक कुछ योगासन कर सकते हैं। योग हमारी प्राचीन एवं वैदिक परंपरा है। योग करने से मनुष्य का शारीरिक,मानसिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विकास होता है। इसीलिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए योग करने से व्यक्ति सदैव निरोगी रहता है।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कैलाश आजाद ने कहा कि अनियमित दिनचर्या शरीर में बीमारियों को आमंत्रण देती है। योग करने से शरीर में बल एवं तेज की वृद्धि होती है।

### द इंडियन राबिन हुड टंट्या मामा की पांचवी पीढ़ी से मिले फिल्म लेखक, निर्माता, निर्देशक डॉ उइके

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल में पहले ही कई एल्बमों की शूटिंग हो चुकी है और अब बैतूल जिले की बनी फिल्म जंगल सत्याग्रह ने विधानसभा भवन भोपाल में प्रीमियर शो से बहुत चर्चाएं प्राप्त की हैं। इस फिल्म के लेखक, निर्माता और निर्देशक डॉ. प्रदीप उइके बैतूल जिले के एक महत्वपूर्ण फिल्म निर्माता के रूप में उभर कर सामने आए हैं। डॉ. प्रदीप उइके इन दिनों अपनी नई फिल्म टंट्या मामा पर शोध कर रहे हैं। टंट्या मामा भारतीय इतिहास के एक प्रमुख लोक नायक हैं, जो ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्रांत में जन जागरूकता और स्वतंत्रता संग्राम को बढ़ावा दे रहे थे। अचानक डॉ. उइके को टंट्या मामा की पांचवीं पीढ़ी से मिलने का संयोग हुआ। यह मुलाकात बैतूल जिले के शाहपुर में हुई।

# जहां आए थे भगवान राम और महात्मा गांधी, आज वहां पर बिजली है न पानी



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की तहसील भैंसदेही अंतर्गत ग्राम ठेसका के पास स्थित शिवधाम बारहलिंग धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, लेकिन आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यह वही स्थल है जहां भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण अपने वनवास काल में आए थे। ब्रिटिश शासनकाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी इस स्थान की यात्रा की थी, किंतु आज यह स्थान प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

जन सहयोग से वर्षों से इस तीर्थ स्थल का संवर्धन कर रहे रामकिशोर पवार ने कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र सूर्यवंशी से इस तीर्थ स्थल के निरीक्षण की अपील की है। उनका कहना है कि कलेक्टर ने अपने कार्यकाल में एक बार भी इस ऐतिहासिक स्थल का दौरा नहीं किया, जबकि यहां हर साल ताप्ती जन्मोत्सव का भव्य आयोजन होता है। इस वर्ष यह आयोजन 2 जुलाई, बुधवार को प्रस्तावित है।

पूर्व विधायक धरमू सिंह सिरयाम से प्रयास कर लगभग 13 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति करवाई थी, वहीं 6 लाख रुपये की लागत से शौचालय भी स्वीकृत हुआ था। लेकिन अफसोस की बात है कि ग्राम पंचायत केरपानी और जनपद पंचायत भैंसदेही ने आज तक इस भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं करवाया और न ही इसे आम जनता को समर्पित किया है।

वर्तमान स्थिति यह है कि इस तीर्थ स्थल पर न बिजली की व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की सुविधा है। जिस सामुदायिक भवन की राशि स्वीकृत हुई थी, उसका निर्माण भी निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं हुआ है। रामकिशोर पवार ने पंचायत के सहायक सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उस पर पहले से कई शिकायतें हैं, बावजूद इसके उसे न हटाया गया और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई है। उन्होंने सचिव पर सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पवार ने कहा कि कलेक्टर अवैध कॉलोनियों और खनिज माफियाओं पर तो लगातार कार्रवाई करते हैं, लेकिन धार्मिक तीर्थस्थलों की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आशा जताई कि कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी इस स्थल का निरीक्षण कर सच्चाई अपनी आंखों से देखेंगे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# पुण्य उदित होने पर अभिषेक करने की पुण्य की प्राप्ति होती है : पं. देवेंद्र



**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में शनिवार को योगिनी एकादशी के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण का विशेष पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन खंजनपुर में त्रिभुवन लाल साहू के निवास पर आयोजित किया गया इस अवसर पर देवेंद्र गिरी छोटू महाराज ने भगवान श्री कृष्ण का पंचामृत अभिषेक करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण का अभिषेक करने का पुण्य अनेकों जन्मों के पुण्य फल उदित होने के बाद ही मिलता है। पंडित गिरि महाराज ने कहा कि यामिनी एकादशी का व्रत करने से अठ्ठासी हजार ब्राह्मण को भोजन कराने के बराबर फल की प्राप्ति होती है।

एकादशी के दिन माता तुलसी के पास दीपक जलाने का इस दिन विशेष महत्व माना गया है। इस दिन तुलसी पत्र नहीं तोड़ना चाहिए। इस अवसर पर रितेश साहू, योगिता साहू, रितिका साहू, संजयसाहू, त्रिभुवनलाल साहू, श्रीमती संगीता साहू, श्रीमती ममता गोपाल साहू, चयन साहू, चंद्रकला साहू, श्रीमती रितु प्रवीण सोनी, आशी साहू, भावना साहू, कार्तिक साहू, ध्रुव साहू, दीपू साहू उपस्थित थे।

### शाहपुर के होनहार आदि कुमार ने जेईई एडवांस्ड में मारी बाजी, विधायक उइके ने किया सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर नगर के होनहार छात्र आदि कुमार ने जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शाहपुर नगर को गौरवान्वित किया है। घोड़ाडोंगरी क्षेत्र की विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके ने शनिवार को नगर परिषद



शाहपुर पहुंचकर आदि कुमार का सम्मान किया। उन्होंने आदि को तिलक लगाकर शाल और श्रीफल भेंट किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आदि कुमार ने इस वर्ष जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर देशभर में 4130वीं रैंक (एआईआर 4130) हासिल की है। आदि कुमार नगर के प्रतिष्ठित महावीर मेडिकल, शाहपुर के संचालक आलोक कुमार जैन और श्रीमती स्मिता जैन के पुत्र हैं।

विधायक ने आदि की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि शाहपुर के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जरूरत है तो सिर्फ सही दिशा और प्रोत्साहन की। उन्होंने कहा कि आदि कुमार जैसे छात्र आज के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं।आदि के सम्मान समारोह में नगर परिषद के अधिकारी, पार्षदगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दिवंगत भाई की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया

**बैतूल, देशबन्धु।** शास्त्रों में नर सेवा को ही नारायण सेवा इसलिए कहा गया है कि हमारी सबमें ब्रह्म दृष्टि बनी रहे और सभी को ईश्वर का रूप मानकर हम उनकी नि:स्वार्थ भाव से सेवा करें और खास तौर से जरूरतमंदों की ।जरूरतमंदों की सेवा परमोधर्म के ध्येय वाक्य को आत्मसात करने वाले शहर के दिवंगत समाजसेवी भूपेश मदान की तीसरी पुण्यतिथि पर श्री योग वेदांत सेवा समिति बैतूल के संरक्षक, समाजसेवी राजेश मदान एवं उनके परिवार द्वारा शनिवार को शहर के ओझाढाने क्षेत्र के जरूरतमंदों को गरम ताजा भोजन वितरित किया गया।



श्री मदान ने बताया कि वें अपने दिवंगत माताङ्कपिता और सभी के सुख दु:ख में सहभागी रहने वाले दिवंगत छोटे भ्राता भूपेश मदान (घन्नू भाई) की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष जरूरतमंदों को भोजन वितरित करवाकर इसी तरह उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिससे उनको तो आत्मिक संतोष होता ही है साथ ही दिवंगत आत्माओं को भी तृप्ति मिलती है। जरूरतमंदों की सेवा में बलवंत मदान, प्रकाश मदान, धीरज मदान, मोहन मदान, सुजल टुटेजा, भव्या, दूर्वा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## बैतूलनामा



**राजेन्द्र धोटे**

*यहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते हैं*
*ख़ुदा जाने यहां पर किस तरह का जलसा हुआ होगा...*

दुष्यंत कुमार ने जब इन लाइनों को लिखा होगा समस्या तो तब भी रही होगी। जो यह कहते हैं कि पहले से तकलीफ कम हुई तो इसे समझा जा सकता है किंतु आश्वासन से पेट भर जाता तो लोग अपनी रातों की नींद यूं जाया क्यों करते? इन पंक्तियों में बैतूल की तस्वीर भी साफ दिखाई दे रही है। विकास हुआ। सौ फीसदी मान रहे। परिवर्तन की राह में सब कुछ एकदम आसान नहीं होता। लेकिन, आज हालात जो बने हुए है, उसका क्या किया जाए? आइये, बैतूल घुमाता हूं आपको। बैतूल की सड़कों पर धूल की चादर बिछी हुई है। जनता बीमार हो रही है। जिनसे कुछ उम्मीद रखते हैं वो जिम्मेदार बेखबर हैं। हर बारिश में सड़क बहती है। हर साल जनता की जेब ढीली होती है।

ट्यूबवेल से मोटरें गायब हो जाती है तो वार्डों में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। टैक्स बढ़ा लेकिन, पानी नहीं मिला। वादों की बारिश तो हुई, पर बैतूल की गलियों में बूंद भी नहीं पहुंची। घटिया निर्माण, खानापूर्ति और ठेकेदारों की मनमानी का ऐसा संगम देखने को मिलता है कि सड़कें कुछ ही महीनों में कचरे के ढेर में बदल जाती हैं। बात सिर्फ सड़कों की होती तो भी ठीक था, अब तो पानी तक नसीब नहीं हो रहा। बैतूल के कई वार्डों में लोग पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि ट्यूबवेल तो हैं, लेकिन मोटर नहीं। सवाल तो उठेंगे ही समस्या अपने साथ सवाल ही लेकर आती है। जवाब भी आ जाएगा। सब्र रखना होगा। इस मामले में हम बैतूलियों दा जवाब नहीं...

### अजी साहब! चोरों को कोसिए नहीं, शुक्रिया कहिए.. खूब बतौलेबाजी

चोरों को लेकर बाबू बतौलेबाज ने जो परिभाषा दी, उससे ह्दय परिवर्तन हो गया। बकौल बाबू, अर्थव्यवस्था का खास हिस्सा हैं चोर। बैतूल के बतौले आप सुनेंगे तो दंग रह जाएंगे। अब यह लीजिये। सनडे का मजा दोगुना हो जाएगा। दो दोस्त आपस में चुटकुला सुना रहे थे। एक स्कूल शिक्षक ने बच्चों को चोरों के बारे में होमवर्क दिया। उन्हें चोरों पर एक निबंध लिखने के लिए कहा। चंचल छात्र ने जो कुछ लिखा, उसने सारे गिले शिकवे ही दूर कर दिए साहब। चोर हमारे देश की अर्थव्यवस्था का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे रोजगार सृजन और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आप इसे पढ़कर आश्चर्यचकित हो सकते हैं। कैसे? ऐसे, तिजोरी, ताले, लॉकर, अलमारी.. ये सब चोरों की वजह से ही तो बनते हैं। यदि चोरी न हो तो यह फिजूल खर्ची ही मानी जाएगी न! इन वस्तुओं को बनाने वाली कई फैक्ट्रियां इस पेशे की बदौलत रोजगार प्रदान करती हैं। घर पर भी, खिड़की की ग्रिल, कुंडी और मजबूत दरवाजे लगाने की जरूरत बढ़ई और मजदूरों को काम देती है। घरों, दुकानों, स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों और कारखानों की सुरक्षा के लिए गार्ड और चौकीदार रखना जरूरी हो जाता है। आखिर में भाई ने यह भी कहा, चोर यदि सामान चुराएंगे नहीं तो तुम नया लोगे ही नहीं। इसलिए उन्हें कोसिए नहीं शुक्रियादा करिए।

### मूंग बेचारी, हालात की मारी

कोई पुण्य का फल किसानों को मिला और सरकार ने मूंग के पंजीयन का कह दिया। किसानों की तो जैसे दीवाली आ गई। लगे भइया हरे पंजीयन कराने। सुना है पहले दिनों किसानों को पंजीकरण कराने में दिक्कतें आईं। ऑनलाइन सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा है। उधर, सरकारी खरीद की घोषणा होते ही निजी व्यापारी भी किसानों से मूंग खरीदने में जुट गये हैं। कई जगह मूंग का रेट 7,500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया है। अंदरखाने की माने तो, कई व्यापारी किसानों के नाम पर पंजीकरण करवा लेते हैं और सस्ते में मूंग खरीदकर एमएसपी पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं। इसके अलावा, मूंग में मिट्टी आदि की मिलावट कर सरकारी खरीद एजेंसियों को नुकसान पहुंचाते हैं। पिछले साल भी ऐसी ही गड़बड़ियां सामने आई थीं, जिससे सरकार को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। अब क्या करें? यह व्यापारी ही जानें लेकिन वो इसे शरारत नहीं बल्कि हाथ की कला बताते हैं। तर्क यह कि, जैसे जादूगर जादू दिखाकर पैसा कमाता है न, वैसे की हम व्यापारी कंकड़, मिट्टी मिलाकर। खैर, बात यह है कि मूंग खरीद की मुश्किल नजर आ रही है। यहां मूंग तो भरपूर है लेकिन सरकारी खरीद करवाना सरकार के लिए चुनौती सा लगता है। इस साल मूंग की कीमतें 6,000 से 7,000 रुपये प्रति क्विंटल तक गिरने के बाद प्रदेश के किसान सरकारी खरीद को लेकर आंदोलन की राह पर थे। प्रदेश सरकार ने मूंग और उड़द खरीद का ऐलान कर फिलहाल किसानों की नाराजगी को दूर करने का प्रयास तो किया है।

### मानवता दिखाई, तारीफ तो बनती है

वैसे तो बैतूल की तासीर ही एक दूसरे की मदद करना रही है। एक, दो नहीं दर्जनों से ऐसे उदाहरण मिल जाएंगे। रक्तदान में ही देखिये, जिले रक्तमित्र अपने खून के एक-एक कतरे को किसी अजनबी की जान बचाने में लगा देते हैं। आज जिक्र कर रहे हैं जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे का। भाईजी, ने एक ऐसा काम कर दिया जो सबके दिल में घर कर गया। अपने निजी कार्य से इटारसी से अपने गृहग्राम लौट रहे थे, तब बरेठा घाट पर सड़क दुर्घटना में एक पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वह तड़प रहे थे। तब धुर्वे ने चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### द ग्रेट पूजा बहना, देश में छाया आमला

कोई 50/100 किमी नहीं, पूरे 2000 किमी की बाइक रैली कर पूजा मदान कोहली बहना ने सबको चौंका दिया है। इस पर आमला क्या पूरा देश हौसला बढ़ा रहा है। सोशल मीडिया पर पूजा, आमला और पापा राजू मदान छाए हुए है। यह रैली दिल्ली से तिब्बत तक थी। पूजा के पति लेफ्टिनेंट कर्नल रमन कोहली भारतीय सेना में हैं और पूजा भी सेना से जुड़े सक्रिय ग्रुप की सदस्य हैं।

**चलते-चलते...** भैया जीतू ने सही नसीहत दी कांग्रेसियों को कि, आपस में झगड़ो नहीं। आगे नहीं बढ़ पाओगे। सही बताएं..कांग्रेस और कांग्रेसियों की यही एक समस्या है। आपस में खुरापात। टांग खिंचाई। मुंह पे हाथ रख बुदबुदाना। आदत हो गई।

उज्जैन जिले के डोंगला में भारतीय ज्ञान परंपरा पर केन्द्रित कार्यशाला हुई

# डोंगला की प्रतिष्ठा के साथ आधुनिकीकरण पर दिया जाएगा विशेष ध्यान: डॉ. यादव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन जिले के काल गणना केंद्र डोंगला का देश में एक विशिष्ट स्थान है। डोंगला को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने के साथ ही यहां स्थापित वेधशाला के समय-समय पर आधुनिकीकरण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा । मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को डोंगला में खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा'' पर केन्द्रित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के साथ डोंगला भी काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। डोंगला के विकास और आधुनिकीकरण के लिए समय-समय पर कार्य किया जाएगा। डोंगला की महत्ता सर्वविदित है। राज्य सरकार वैज्ञानिक प्रबंधन तथा वैज्ञानिक शोध के लिए कटिबद्ध है। प्राचीन भारतीय ज्ञान पर और अधिक रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डोंगला में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्राचीन ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन भारतीय ज्ञान का समन्वय करते हुए आज के युग की समस्याओं के समाधान के लिए शासन द्वारा कार्य किया जाएगा।

विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि डोंगला भारतीय काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। भारतीय काल गणना में सूक्ष्म गणना को महत्व दिया गया है। वैज्ञानिक डॉ. श्रीनिवासन ने राज्य शासन द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। डॉ. अरविंद रानाडेने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए सराहनीय कदम उठाए गए हैं। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश में एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोफिजिक्स तथा स्पेस टेक्नोलॉजी के सामंजस्य पर कार्य किया जा रहा है। उज्जैन तथा डोंगला काल गणना का केंद्र है। कार्यशाला कोमहाप्रबंधक आरआरएससी सेंट्रल इसरो भारत सरकार डॉ. जी. श्रीनिवासन तथा प्रोफेसर मूर्ति ने भी संबोधित किया ।

### एमओयू हुआ साइन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के भारतीय ज्ञान परंपरा डिवीजन नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के मध्य एमओयू साइन किया गया। इसके अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रमाणीकरण दस्तावेजीकरण तथा मानकीकरण का कार्य किया जाएगा । इसके अलावा आगामी मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ड्रोन एवं रोबोटिक्स हैकाथॉन पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही आगामी जनवरी में भारतीय ज्ञान प्रणाली तथा एमपीसीएसटी द्वारा आयोजित की जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पोस्टर का भी विमोचन किया गया।

## मुख्यमंत्री बने शिक्षक, शून्य होती परछाई को देखा


दोपहर 12:28 बजे डोंगला वेधशाला पर छांव हुई विलुप्त

**उज्जैन, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 जून को होने वाली अद्भुत खगोलीय घटना डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में देखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शंकु यंत्र पर परछाई परिचालन व्यवस्था में शून्य होती परछाई को देखा और उपस्थित सभी को सूर्य परिचालन से समय परिवर्तन और काल गणना को भी समझाया। उन्होंने शिक्षक के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार खगोलीय विज्ञान की जानकारी सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को समझाई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, जनप्रतिनिधि राजेश धाकड़, बहादुर सिंह चौहान, महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, शिवकुमार शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम आयोजित

## भारत ने दुनिया को योग दिया : शिवप्रकाश



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि दुनिया ने युद्ध दिया, लेकिन भारत ने दुनिया को भगवान बुद्ध और योग दिया, जो मानव कल्याण के मार्ग को प्रशस्त कर रहे हैं। योग का मतलब ही जोड़ना होता है। योग मन को जोड़ने का कार्य करता है। एकाग्रता से कार्य करने से ही सफलता मिलती है। एकाग्रता योग से ही प्राप्त की जा सकती है। शिवप्रकाश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को कुशलता पूर्वक संपन्न कर परमात्मा को समर्पित करना ही योग है। योग ब्रह्मांड को समान भाव से देखने की दृष्टि देता है, जो संघर्ष, शोषण, युद्ध से निकलकर सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत हुई और आज संपूर्ण विश्व योग की तरफ बढ़ रहा है। विश्व के सभी समस्याओं को योग के माध्यम से हल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में आज जमीन, पानी और आकाश पर एक साथ योग किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री शरतेन्दु तिवारी, संभाग प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, सत्येन्द्र भूषण सिंह, एसएस उप्पल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने किया और आभार प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने माना।

### धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है, योग : डॉ. यादव


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग, धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत के मूल दर्शन, जीवन शैली और हजारों वर्षों पुरानी हमारी योग परंपरा से पूरी दुनिया को परिचित कराने का गौरवशाली दिवस है। योग के माध्यम से निरोग के साथ-साथ हमारा मन शांत होता है, शांति से संतोष प्राप्त होता है और संतोष से हम अहिंसा की ओर बढ़ते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। साथ ही इस बात का समर्थन किया कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने पूरी दुनिया में समग्र स्वास्थ्य क्रांति के नए युग का सूत्रपात किया। हम 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। यह एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, विषय को समर्पित है।

### दुनिया ने योग को आत्मसात किया : शर्मा

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज विश्व के 180 से अधिक देशों ने योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तब उन्होंने दुनिया के देशों को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाने की सलाह दी थी और दुनिया के देशों ने हमारी भारतीय संस्कृति के प्रतीक योग को आत्मसात किया। वर्तमान कालखण्ड में भारत के गौरव की यश-पताका को निरन्तर विश्व में लहराने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस भारतीय ज्ञान-मनीषा को समूची दुनिया में लोकप्रिय एवं नवीन पहचान दिलाने का कार्य किया है। आज पूरा विश्व योग के साथ ही भारत के वैभव और निरन्तर प्रगति की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहा है। मोदी जी के प्रयासों से ही आज विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है।




**भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को भोपाल अरेरा मंडल के वार्ड क्रमांक 49 स्थित अवंतिका क्लब में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया ।**










पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।